# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरूवार 10 अप्रैल, 2025 | » वर्ष: 2 » अंक: 161 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रु.


प्रदेश में सांसद-विधायकों पर 51 क्रिमिनल केस

## सरकार ने हाईकोर्ट में कहा-सरकारी वकीलों को बेवजह तारीख नहीं लेने की हिदायत दी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** प्रदेश में सांसद-विधायकों के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केसेज में सरकारी वकीलों को बिना वजह तारीख नहीं लेने की हिदायत दी गई है। यह जानकारी बुधवार को हाईकोर्ट में सरकार की ओर से दी गई। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ बुधवार को इस मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने इस बारे में जारी सरकारी आदेश पेश करने के लिए समय देते हुए सुनवाई 12 मई तक टाल दी। बताया जा रहा है कि प्रदेश में सांसदों-विधायकों के खिलाफ 51 मुकदमे लंबित हैं।

### सुनवाई टालने का नहीं करें आग्रह

सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सांसदों व विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों में सुनवाई में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने सभी लोक अभियोजकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी लोक अभियोजकों को इन मामलों में संबंधित न्यायालयों को पूर्ण सहयोग करने और बेवजह सुनवाई टालने का आग्रह नहीं करने की हिदायत दी गई है। उधर, हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल की ओर से भी सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर दिए जाने की जानकारी कोर्ट को दी गई, लेकिन रिपोर्ट अभी तक सरकार को नहीं मिली है।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को दिए थे निर्देश

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में एमपी-एमएलए से जुड़े क्रिमिनल केसों के मामले में दिशा-निर्देश जारी कर हाईकोर्ट को इन केसों की निगरानी के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कहा था कि वे इन केसों के संबंध में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर इसे दर्ज करें और इन केसों में ट्रायल कर रहे जिला जज या स्पेशल कोर्ट की मॉनिटरिंग करें।

### वेबसाइट पर भी जानकारी शेयर करने के निर्देश

हाईकोर्ट इन केसों में सुनवाई कर रही कोर्ट से समय-समय पर इन केसों की ट्रायल की रिपोर्ट मांगें और जरूरत हो तो इन केसों की सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट बनाएं। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को भी कहा था कि वे जब तक अति आवश्यक नहीं हो तब तक इन केसों की ट्रायल नहीं टालेंगे। वहीं एक वेबसाइट भी बनाई जाए जिस पर यह ब्योरा हो कि किस जिले में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने क्रिमिनल केस पेंडिंग हैं और उनकी स्थिति क्या है।

मंदी के बाद फिर बढ़े सोने के दाम

## 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत हुई 91 हजार पार, चांदी हुई महंगी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता की वजह से सोने और चांदी की कीमत में लगातार बदलाव का सिलसिला जारी है। यही कारण है कि 5 दिनों तक गिरावट के बाद आज एक बार फिर सोने की कीमत में तेजी आई और स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर फिर से 91 हजार के आंकड़े को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अगर आने वाले दिनों में इसी तरह के वैश्विक हालात रहेंगे। तो सोने और चांदी की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है।

### 900 रुपए की तेजी आई

सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया कि दुनियाभर के शेयर बाजार में उठा पटक का दौर लगातार जारी है। जिसका सबसे ज्यादा असर कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आ रहा है। यही कारण है कि अमेरिकी टैरिफ लागू होने के बाद जहां सोने की कीमत में रिकॉर्ड गिरावट हुई थी। वही आज एक बार फिर 900 रुपए की तेजी आई है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लागू किए गए टैरिफ की वजह से फिलहाल कीमती धातुओं की कीमत फिर से कम होने की प्रबल संभावना है। जिसकी वजह से फिलहाल सोने और चांदी के आभूषण खरीदने वाले लोग कीमत कम होने के इंतजार में है। जिसका व्यापक असर सर्राफा व्यापारियों पर पढ़ रहा है।

### 24 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 300

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार, जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 300 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 85 हजार 100 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 73 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 59 हजार 700 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी रिफाइन की कीमत 92 हजार 200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

## भारत 64 हजार करोड़ में फ्रांस से खरीदेगा 26 मरीन राफेल

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने फ्रांस से 26 मरीन राफेल फाइटर जेट की खरीदी को मंजूरी दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी ने 9 अप्रैल को डील पर मुहर लगाई। भारत को 64 हजार करोड़ रुपए में 26 मरीन फाइटर मिलने हैं।

इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा। इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन की डील उसी बेस प्राइज में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी।

इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की 2023 की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है।

हिंद महासागर में होगी राफेल मरीन जेट की तैनाती नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने गंगनहर परियोजना के शिवपुर हैड का किया निरीक्षण, अंतिम छोर तक भरपूर नहरी पानी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कर रही कार्य

# आईजीएनपी, भाखड़ा और गंगनहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए दोनों बजट में किए प्रावधान : भजनलाल शर्मा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़- श्रीगंगानगर के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को श्रीगंगानगर जिले में गंगनहर परियोजना के अर्न्तगत शिवपुर हैड का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है ताकि अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक भी पर्याप्त नहरी पानी पहुंचा कर किसानों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में नहरी जल पर निर्भरता को देखते हुए राज्य सरकार ने आईजीएनपी, भाखड़ा नहर और गंगनहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए गत दोनों बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।



### गंगनहर में होंगे 1195 करोड़ के कार्य, टेल रीच पर मिलेगा पूरा पानी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गंगनहर प्रणाली में क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत, सीसी लाइनिंग, फीडर पुनर्निर्माण, ऑटोमेशन आदि के 1195 करोड़ रुपए के कार्य करवाएं जाएंगे, जिससे सीपेज लॉस में कमी आएगी और किसानों को उनके हक का पूरा पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए की लागत से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य की डीपीआर तैयार कर केन्द्रीय जल आयोग को भिजवाई जा चुकी है। यह कार्य पूरा होने पर श्रीगंगानगर क्षेत्र में खेतों को समय पर और भरपूर पानी मिल सकेगा। इसी प्रकार, 300 करोड़ रुपए की लागत से बीकानेर कैनाल के पंजाब में स्थित भाग (आर.डी. 45 से 368) की सीसी लाइनिंग, ग्रेवल रोड तथा पट्ड़ों के निर्माण कार्यों की डीपीआर शीघ्र ही पंजाब सरकार द्वारा बनवा ली जाएगी। इसके लिए पंजाब सरकार को पत्र लिखा जा चुका है।

### ऑटोमेशन सिस्टम दिलाएगा सेम की समस्या से निजात

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगनगर प्रणाली में कृषि, शहरी और औद्योगिक जरूरतों के लिए नहरी जल का बेहतर प्रबंधन करने के लिए 695 करोड़ रुपए की लागत से ऑटोमेशन की डीपीआर केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। इसके वित्त पोषण के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भिजवाया गया है। उन्होने कहा कि ऑटोमेशन सिस्टम स्थापित होने से आरम्भिक छोर (हेड रीच) और अंतिम छोर (टेल रीच) पर समान रूप से पानी उपलब्ध हो सकेगा तथा अधिक पानी के कारण भूमि की उर्वरता में कमी एवं सेम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गंग कैनाल ऐप और गंगनहर रेग्युलेशन पोर्टल का निर्माण भी किया गया है, जिससे नहर खुलने और बंद होने की जानकारी उनके मोबाइल पर उपलब्ध हो सकेगी। काश्तकारों में बारी के विवादों के समाधन के लिए बाराबंदी सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा चुका है।

### 225 करोड़ से होगा भाखड़ा सिंचाई परियोजना का जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाखड़ा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार ने अब तक 225 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे हनुमानगढ़ जिले की संगरिया, टिब्बी, हनुमानगढ़, पीलीबंगा और श्रीगंगानगर जिले की सादुलशहर तहसील के किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सिद्धमुख सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नोहर व भादरा तहसीलों में नहरों के जीर्णोद्धार के 128 करोड़ रुपए के कार्य शुरू करवाए जा चुके हैं और 45 करोड़ रुपए के कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाए जाएंगे।

### पक्के खालों के निर्माण की 60 साल पुरानी मांग बजट में पूरी

शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के द्वितीय चरण की नहरों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण, पक्के खालों के निर्माण, बैलेन्सिंग रिजर्वायर आदि कार्यों के लिए इस वर्ष के बजट में 1108 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की 60 साल से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हनुमानगढ़ जिले के एक लाख 7 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों के निर्माण के लिए 590 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। कंवरसेन लिफ्ट नहर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार के 185 करोड़ रुपये की लागत के कार्य आईजीएनपी बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं। इसी प्रकार, श्रीगंगानगर जिले में रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना, रावला और श्रीविजयनगर के 44 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों का पुनर्निर्माण 200 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जाएगा। साथ ही, भाखड़ा और गंगनहर परियोजना के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर के क्षेत्रों में अब तक शेष रहे खालों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे हर खेत तक पानी पहुंच सकेगा।

### बेहतर सिंचाई प्रबंधन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अधिकारियों से जानकारी ली तथा गंगनहर प्रणाली के बेहतर सिंचाई प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान शर्मा ने किसानों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी। इसके बाद शर्मा ने शिवपुर हैड स्थित महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पहुंचे तथा संग्रहालय का अवलोकन किया। शर्मा ने गंगनहर तथा शिवपुर हैड के निर्माण में महाराजा गंगासिंह जी के ऐतिहासिक योगदान को नमन किया। इसके बाद शर्मा शिवपुर हैड के नजदीक आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे। उन्होंने वहां बागवानी पद्धति, कृषि यंत्र सहित विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया।

### घग्घर डायवर्जन चैनल का होगा सुदृढ़ीकरण

शर्मा ने कहा कि घग्घर डायवर्जन चैनल व नाली बैड के पटड़ों के सुदृढ़ीकरण, साइड स्लोपिंग और भेड़ताल क्षेत्र में बाढ़ के पानी को संग्रहित कर जल स्रोत बनाने आदि के कार्य 325 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जाएंगे, जिससे घग्घर के पानी की सुरक्षित निकासी हो सकेगी और बाढ़ की समस्या का समाधान होगा।

## राजस्थान में मौसम बदला जयपुर-बीकानेर में बारिश



### 5 जिलों में बादल छाए, आंधी चली, 14 शहरों में बरसात का अलर्ट

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने अभी से हाल बेहाल कर दिए। बुधवार को दिनभर तेज गर्मी के बाद जयपुर, बीकानेर, अलवर, चूरू और सीकर में शाम को मौसम का मिजाज बदला। जयपुर में आंधी के साथ कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। बीकानेर में भी रिमझिम हुई।

सीकर में दोपहर करीब 2.30 बजे तापमान 44.5 डिग्री रहने के बाद शाम को अचानक काले घने बादल छा गए। आंधी भी चली। अलवर और चूरू में भी बादल छाने के साथ कई जगह तेज आंधी चली। मौसम विभाग ने गुरुवार से भरतपुर, बीकानेर, जयपुर संभाग के 14 जिलों में बादल छाने, आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इसका असर 11 अप्रैल को भी रहेगा। इसके बाद गर्मी फिर तेज होगी

## ट्रम्प के टैरिफ का भारत पर फिलहाल असर नहीं : एस जयशंकर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए टैरिफ को लेकर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि इस टैरिफ का भारत पर क्या पड़ा है, ये फिलहाल पता नहीं चला है। आगे इसका क्या असर होगा, ये भी हम नहीं जानते हैं। हमने तय किया है कि हम बहुत खुले और पॉजिटिव तरीके से ट्रम्प प्रशासन से इस मुद्दे पर बात करेंगे।

जयशंकर ने बुधवार को पहली बार टैरिफ पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति से निपटने की हमारी रणनीति ये है कि हम इस साल अमेरिका के साथ द्विपक्षीय ट्रेड डील पर आगे बढ़ें। भारत शायद वह अकेला देश है जो डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका के साथ ट्रेड डील साइन करने की बातचीत तक आया है।

## जेडीए ने हटाया अतिक्रमण, बीजेपी विधायक ने किया कार्रवाई का विरोध

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में अवैध निर्माण के खिलाफ हो रही कार्रवाई में जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। सिरसी रोड पर ढाई किलोमीटर के एरिया में चल रही कार्रवाई के दौरान रिटायर्ड डीजी नवदीप सिंह के मकान का अवैध हिस्सा तोड़े जाने पर उन्होंने विरोध किया। इस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

कार्रवाई का विरोध करने के लिए भाजपा विधायक गोपाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से उलझ गए। विधायक ने कहा- पिछले 4 दिन से जनता में आतंक का माहौल है। महिला के साथ बदसलूकी की गई। क्या महिला के घर में घुसकर कपड़े फाड़ने का अधिकार है?

स्थानीय महिलाओं ने भी कार्रवाई का विरोध किया। महिलाएं अधिकारियों के सामने रोते हुए हाथ जोड़कर कार्रवाई रोकने की विनती करती रहीं। विधायक शर्मा ने आगे कहा- अफसरशाही और सिस्टम बीजेपी सरकार के खिलाफ काम कर रहे है। यह स्थिति सरकार के अनुकूल नहीं है।



### 274 अवैध निर्माण चिह्नित, स्कूल अस्पताल भी आएंगे चपेट में

राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया था। यह टीमें 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक लगातार समझाइश कर आम लोगों से अवैध निर्माण हटाने की अपील कर रही थी। इसके बाद 9 अप्रैल से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इस पूरे क्षेत्र में 274 अवैध निर्माण चिह्नित किए गए हैं। इनमें 162 कॉमर्शियल भवन हैं, जबकि शेष रिहायशी और खाली प्लॉट हैं। प्रभावित होने वाले प्रमुख संस्थानों में 7 शैक्षणिक संस्थान, 2 मंदिर, 6 हॉस्पिटल और 4 मैरिज गार्डन शामिल हैं।

गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन सम्पन्न

# वक्फ बिल धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर हमला : राहुल गांधी

राजस्थान की राजनीति

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया है। अधिवेशन में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। वहीं वक्फ कानून को लेकर भी बयान दिया। कांग्रेस सांसद ने वक्फ संशोधन विधेयक को धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर हमला बताया है। वक्फ कानून पर दिए गए बयान पर बीजेपी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उनकी विचारधारा आरएसएस के खिलाफ है। वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। वे भारत की सभी संस्थाओं पर नियंत्रण करना चाहते हैं और देश का पैसा अंबानी-अडानी को सौंपना चाहते हैं। वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर हमला है।

### दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों को भी बनाएंगे निशाना

अधिवेशन में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले समय में दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों को भी निशाना बनाया जाएगा। कांग्रेस सांसद ने यह भी दावा किया कि बीजेपी से देश की जनता तंग आ चुकी है और बिहार विधानसभा चुनाव में यह दिखेगा।

### 'तेलंगाना में करवाई जातिगत जनगणना'

राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में हमने जातिगत जनगणना कराई। उससे पहले मैंने संसद में भी नरेंद्र मोदी से कहा था कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। सभी को पता होना चाहिए कि देश में कितने दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सामान्य वर्ग के लोग हैं।



### 'बीजेपी-आरएसएस जातिगत जनगणना नहीं कराएगी'

कांग्रेस सांसद ने कहा कि इसके अलावा हमें यह भी पता लगाना चाहिए कि देश में किसकी कितनी भागीदारी है। लेकिन आरएसएस-बीजेपी ने साफ़ कह दिया कि वे जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। इसीलिए हमने भी कह दिया है कि अगर ये काम आप नहीं करेंगे तो हम संसद में आपके सामने जातिगत जनगणना का कानून पास करेंगे।

### बीजेपी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

बीजेपी ने वक्फ कानून पर दी गई प्रतिक्रिया को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वक्फ पर बोलने के लिए राहुल गांधी को अहमदाबाद में इतने लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, जब तक कि यह पारित नहीं हो गया। इससे पता चलता है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि वक्फ के बारे में क्या कहना है। उन्होंने कहा कि मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं कि राहुल गांधी के पास इस बात की स्पष्टता नहीं है कि उन्हें किस मुद्दे पर और कब क्या रुख अपनाना चाहिए।

## नदबई में 11 अप्रैल को आयोजित होगा पेंशनर समाज का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह

### आयोजित होने वाले पेंशनर समाज के वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में सम्मिलित होंगे क्षेत्र के हजारों पेंशनर

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** पेंशनर समाज उप शाखा नदबई के नेतृत्व व क्षेत्रीय विधायक कुंवर जगत सिंह के मुख्य आतिथ्य में कस्बा नदबई के खेडली रोड स्थित एसआरपीजी महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार 11 अप्रैल सांय 4 बजे से पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर जी मनोहर की अध्यक्षता में आयोजित होगा पेंशनर समाज का भव्य वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह। पेंशनर समाज नदबई द्वारा आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम के बारे में पेंशनर समाज उप शाखा नदबई के अध्यक्ष अजय कटारा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक कुंवर जगत सिंह के मुख्य आतिथ्य व पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर जी मनोहर की अध्यक्षता में 11 अप्रैल शुक्रवार सांय 4 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नदबई नगर पालिका की अध्यक्ष हरबती सिनसिनवार सहित पेंशनर समाज के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष भरतपुर डोरी लाल शर्मा व जिला अध्यक्ष डीग गंगा शरण शर्मा रहेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद। इस अवसर पर कार्यक्रम में पेंशनर समाज उप शाखा नदबई के 80 वर्ष से अधिक उम्र के करीब 65 वरिष्ठ पेंशनरों का भी किया जाएगा सम्मान।इस मौके पर भरतपुर व डीग जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों सहित पेंशनर समाज के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता रहेंगे मौजूद...!!

## पोषण रैली व संवाद का हुआ आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े में धौलपुर में पोषण रैली व संवाद का आयोजन किया गया। रैली को सीडीपीओ कार्यालय से विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिला कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम स्तर तक पोषण और स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। अब आवश्यकता इस बात की है हम गृह भ्रमण के दौरान जन जन तक पोषण अभियान के सन्देश को ले जाएं। साथ ही उक्त पखवाड़े के दौरान बच्चों की ठीक प्रकार से वजन व ऊंचाई लेकर पोषण ट्रेकर पर सही प्रविष्टि करें। प्रत्येक माता और बच्चे को विभागीय सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करें। विभाग के सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने पोषण पखवाड़े की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहर क्षेत्र की आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं द्वारा सीडीपीओ कार्यालय में पोषण रंगोली बनाई। कार्यक्रम में विभाग की महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा, अंकुर शर्मा, नरेंद्र मीना, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय निर्वाण व शहरी क्षेत्र की कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

## बाइक के अनियंत्रित होने से तीन बाइक सवार हुए घायल

### नदबई-डहरा मोड़ मार्ग पर गाँव बैलारा के पास की घटना

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** गाँव नाम-खेडा से नदबई आ रहे बाइक सवार 3 लोग बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप होने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में गांव बेलारा के पास उस समय हुई, जब बाइक सड़क पर बिखरी गिट्टियों के कारण अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की टीम ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए नदबई के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया। 108 एंबुलेंस कर्मी रामकुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि, घायलों में विकास (25 वर्ष), उसकी मां पैलादी (55 वर्ष) और बुआ पुसवा शामिल हैं। ये तीनों गांव नाम-खेडा से नदबई किसी आवश्यक कार्य के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे बेलारा गांव के समीप पहुंचे, तो सड़क पर फैली गिट्टियों के चलते बाइक फिसल गई और तीनों सवार सड़क पर गिर पड़े। गिरने के कारण तीनों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें विकास को सिर और हाथ में गहरी चोटें आई हैं, जबकि उसकी मां और बुआ को हाथ-पैरों में गंभीर चोटें लगी हैं। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी और तुरंत नदबई के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



## प्रभू के नाम से पाप से मुक्ति - साधू बाबा

### रामायण पाठ का शुभारम्भ, भण्डारा व सन्त दर्शन कल

राजस्थान की राजनीति





**हलैना।** श्री गुरूमाया भगत जी भक्त मण्डल एवं सिद्व पुरूष रंगली भगत महाराज के शिष्यों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की क्रीडा स्थली श्री गिरिराज धरण पूंछरी का लोठा निकट राजस्थान-उत्तरप्रदेश की सीमा पर श्री गुरूमाया आश्रम पर राष्ट्रीय सन्त बालकदास महाराज एवं सन्त साधू बाबा के सानिध्यं में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जिसके तहत पहले दिन रामायण पाठ,सत्संग और अखण्ड ज्योत की शुरूआत हुई। सत्संग करते हुए सन्त साधू बाबा ने कहा कि प्रभू के नाम एवं गुणगान से पापी व्यक्ति को पाप से मुक्ति और प्रभू के धाम की प्राप्ति होती है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्म,रास व क्रीडा स्थली के दर्शन और रज प्राप्ति को देवी-देवता तरस गए थे,आज दुनियां के लोग तरस रहे है। जिस पर ब्रज के ठाकुर जी कृपा हो जाए,वह ही व्यक्ति ब्रज के दर्शन करता है और रज की प्राप्ति करता है। उन्होने कहा कि हमे निस्वार्थ भाव से सन्त,मानव, गौवंश ,मूक बधिर प्राणी आदि की सेवा करनी चाहिए,जो भूखा हो उसे भोजन कराए और जो प्यास हो उसे जल पिलाए,ऐसा करने से प्रभू प्रसन्न होते है और आत्मशान्ति मिलती है। श्री गुरूमाया भगत मण्डल के सेवकों ने बताया कि 9 अप्रेल से 11 अप्रेल तक सिद्व पुरूष रांगली भगत जी महाराज की तपोभूमि श्रह गुरूमाया भगत आश्रम पर सन्त बालकदास महाराज के सानिध्यं में धार्मिक कार्यक्रम जारी है,जिसके तहत प्रतिदिन रामायाण पाठ, कीर्तन,प्रवचन,सन्त,मानव व गौ सेवा,हवन और श्रीराम व गायत्री मन्त्र तथा 11 अप्रेल को हवन की पूर्णाहुति,सन्त दर्शन भण्डारा आदि कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में भरतपुर दौसा करौली अलवर जयपुर सवाई माधोपुर धौलपुर मथुरा आगरा फरीदाबाद, डीग ग्वालियर सवाई माधोपुर आदि जिले के भारी संख्या में भक्तगण शामिल हो रहे हैं।

### जिला कलक्टर ने की पंचायत समिति बसेड़ी में जनसुनवाई

## परिवादों का यथासंभव समाधान करें सभी अधिकारी-जिला कलक्टर

राजस्थान की राजनीति



**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के साथ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिले के सभी उपखण्डों पर हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बसेड़ी उपखण्ड के पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने कृष्णा कॉलोनी में सीसी खरंजा निर्माण कराने के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने परिवादी संत सिंह के राशन आवंटन में आ रही समस्या के निस्तारण हेतु जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका क्षेत्र के भवनपुरा में विद्युत पोल एवं तारों को दुरस्त कराए जाने के संबंध में जेवीवीएनएल को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने परिवादी भूरी सिंह के खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान बसेड़ी विधायक संजय कुमार, उपखण्ड अधिकारी सुधारानी मीना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 52 सालः कलक्टर और एसपी की ऐसी जोड़ी पहली बार देखी

### बरसात और सीवर के गंदे पानी की समुचित निकासी के प्रयास

राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** किसके दिल में क्या है, बताना मुश्किल है पर जिले के अधिकांश वाशिंदे यह कहते नहीं अघिया रहे कि जिला बनने के बाद कलक्टर और एसपी की ऐसी जोड़ी पहलीबार देखी है। वहीं कुछ लोग दोनों शीर्ष अधिकारियों की आलोचना करते हुए विदाई की माला जप रहे हैं। इनमें पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्नसिंह व राजाखेड़ा विधायक रोहित बौहरा तथा पूर्व मंत्री स्व. बनवारीलाल शर्मा व भाजपानेत्री नीरजा अशोक शर्मा के समर्थक ज्यादा हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिनके भवनों को धराशायी करने के लिए परिषद् प्रशासन ने लाल निशान लगाए हैं। प्रभावितों में कुछेक ने अदालत की शरण भी ली है।

बता दें कि धौलपुर वर्ष 1982 में जिला बना था। इन बीते 52 वर्षों में से 35 साल कांग्रेस ने और 17 साल भाजपा ने राज किया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कांग्रेस के दोनों कद्दावर नेताओं पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्नसिंह व स्व. बनवारीलाल शर्मा की राजनीति खाक में मिला दी है। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने अनियमित व गैर कानूनी कारोबार करने वाले प्रभावशाली कारोबारियों पर प्रहार कर कमर तोड़ दी है।

पानी की समस्या से पीड़ितों के अनुसार कब्जा हटाने का उद्देश्य आमजन को बरसात के दिनों में साफ पानी से सराबोर होने वाली तलैया, हरदेव नगर सहित बाड़ी व सैंपऊ रोड स्थित 52 आवासीय कालोनियों में जमा बरसात व सीवर के गंदे पानी से मुक्ति दिलाना है। हालांकि इस बारे में नगर परिषद् प्रशासन की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की है पर समझा यही जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में आमजन को बरसात व गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाना है, साथ ही मास्टर प्लान के तहत मार्गो को चौड़ा कर सुगम यातायात की व्यवस्था बहालकर सौंदर्यीकरण के लिए ऐतिहासिक इमारतों, कुंओं व बावड़ियों को कब्जाधारियों से मुक्त करा उनके स्वरूप को निखारना है।

मंगलवार को नगर परिषद् प्रशासन ने जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर कचहरी परिसर में संतोषी माता के मंदिर के पीछे ऐतिहासिक बावड़ी कब्जा मुक्त करा नगर परिषद् प्रशासन ने वास्तविक स्वरूप निखारने की बात कही है। बावड़ी का पानी हल्का और मीठा बताया है।

#### कब्जे हटाए और छोड़े

कहा जा रहा है कि परिषद् प्रशासन बिना किसी भेदभाव के अवैध कब्जों को हटा रहा है। बुधवार रात भाजपा के प्रभावशाली पार्षद अकील अहमद का कार्यालय और कार्यालय भवन से त्यागी की चिपती लैब व शुक्रवार को भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा के हिस्से में जगन सिनेमा की चारदिवारी को जमींदोज कर दिया, जिसकी शहर में खासी चर्चा है पर जिले में पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्नसिंह के भाई और राजाखेड़ा विधायक रोहित बौहरा के चाचा प्रदीप बौहरा को निहालगंज पुलिस थाने में 8 घंटे बिठाए रखने व समर्थकों को जेल भिजवाने की चर्चा पर बुधवार को भी विराम नहीं लग सका। परिषद् प्रशासन प्रभावशाली और रसूखदारों के कब्जे जमींदोज कर प्रभावशाली और रसूखदारों को अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दे रही है कि वे अपने अवैध कब्जों को स्वतः ही हटा लें, अन्यथा परिषद् प्रशासन की जेसीबी गरजकर कब्जों को जमींदोज कर देगी, जिसकी एवज में भवन स्वामी से 5 हजार रुपए प्रति घंटे की दर शुल्क वसूलेगी।





#### प्रभावशाली हटा लें कब्जा

परिषद् प्रशासन की कार्रवाई से बाजार चौड़े और दबे नाले-नालियां व कुंए तथा बावड़ी नजर आने लगी हैं। सराय गजरा रोड पर कब्जा हटाने के लिए लगाए लाल निशान के तहत कई भवन स्वामियों ने कारीगरों के जरिए कब्जा हटा लिए हैं तो कई लोगों ने लाल निशान के बाद भी कब्जा हटाने का प्रयास नहीं किया है। कहा जा रहा है कि पूर्व सूचना एवं जन संपर्क मंत्री स्व. बनवारीलाल शर्मा द्वारा प्याऊ की जमीन पर खड़ा किया भगवती मार्केट अभी तक ध्वस्त नहीं किया है। वहीं पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्नसिंह के पट्टों की गहन जांच और भवन की पैमाइश कर फुटपाथ व सड़क की भूमि पर बने व्यावसायिक भवन को ध्वस्त नहीं किया है। मंत्री ने पट्टा लेने से पूर्व ही व्यावसायिक भवन का निर्माण कर दो बैंको को किराए पर दे दिया था। तदुपरांत मंत्री ने नगर परिषद् में आवेदन कर स्टेट ग्रांट के तहत दो पट्टे लिए फिर 69ए के तहत आवेदन कर दो पट्टे ले लिए। पट्टों और भवन की पैमाइश गहन जांच का विषय है। वहीं हरदेव नगर रोड स्थित एमएल कॉम्प्लेक्स में पार्किग की जगह दुकान, सिनेमा के निकट प्रमुख नाले पर बनी दुकानें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। शहर के वाशिंदों का कहना है कि प्रशासन पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्नसिंह के निवास के बाहर बनी दो बैंक भवनों को और प्याऊ की जमीन पर बने भगवती मार्केट को तोड़ देती है तो भेदभाव की चर्चाओं पर विराम लग जाएगा और कब्जाधारी अपने कब्जों को स्वतः ही हटाना शुरू कर देंगे।

#### उद्देश्य स्पष्ट नहीं होने से जितने मुंह, उतनी बात

उद्देश्य स्पष्ट नहीं होने से जिले के वाशिंदे तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। इन पर विराम लगाना बेहद जरूरी है। कब्जा हटाने की कार्वाई के दौरान विरोध भी इसका एक कारण है। हालांकि जिला कलक्टर श्रीनीधि बीटी विरोधियों को समझा-बुझाकर शांत करने में सफल हो रहे हैं। कलक्टर युवा, ऊर्ज़ावान और सिविल सेवा उत्तीर्ण कर बने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इतना ही नहीं वे अजमेर जैसे शिक्षित और जागरूक शहर में नगर निगम में रहकर आए हैं। उन्हें हर स्थिति से निपटना आता है। उधर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा भी युवा, ऊर्ज़ावान और सिविल सेवा उत्तीर्ण कर बने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। दोनों में गजब का तालमेल और सामंजस्य है। दोनों ही धौलपुर शहर को पर्यटन स्थल के मानचित्र पर उभारने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

#### शहरवासियों से आह्वान

जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने शहर के वाशिंदों से आह्वान किया है कि शहर के चहुंमुखी विकास और सौंदर्यीकरण के लिए आगे आएं। कब्जा हटने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं कब्जा हटाने की कार्वाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने से बड़े स्तर पर व्याप्त गंदे व बरसात के पानी की निकासी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जलबहाव मार्ग में किए कब्जों को ध्वस्त कर पानी की निकासी को बहाल कर रहा है। मानसून के आने से पहले ही पानी की समस्या का समाधान जरूरी है।

## नवकार मंत्र के सामूहिक मंत्रोच्चार में शामिल हुए श्रद्धालू

### दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित सामूहिक मंत्रोच्चार कार्यक्रम

### जैन समाज की ओर से आयोजित नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई स्थित दिगम्बर जैन मन्दिर पर जैन समाज की सर्वोच्च संस्था जीतो की ओर से नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित सामूहिक मंत्रोच्चार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सकल जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लेते हुए विधिवत नवकार मंत्रोच्चारण किया। बाद में विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान संयोजक बृजमोहन जैन, भागचंद जैन, नरेश जैन, महेश जैन, विमल जैन, मनीष जैन, रोहित जैन, अमित जैन, पंकज जैन सहित महिला श्रद्धालू भी मौजूद रही।

## विद्यार्थियों ने परिण्डें बांधते हुए जल बचाव का लिया संकल्प

### बहरामदा निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्र में बांधे परिण्डें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी परिण्डें बांधते हुए स्वच्छता का लिया संकल्प



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई क्षेत्र के गांव बहरामदा में निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने गर्मी में पक्षियों को पानी सुविधा को लेकर परिण्डें बांधते हुए ग्रामीणों को जल बचाव करने का संदेश दिया। इससे पहले संस्था सचिव नरेश शर्मा ने जल को प्रकृति की अलौकिक धरोहर बताते हुए व्यर्थ नही फैलाने व बेसहारा जानवर व पक्षियों को लेकर परिण्डें बांधने का संदेश दिया। बाद में विद्यार्थियों ने करीब एक दर्जन से अधिक स्थानों पर परिण्डें बांधते हुए सेवा करने का संकल्प लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष छैलबिहारी शर्मा भी मौजूद रहे। उधर, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने करीब एक दर्जन परिण्डें बांधते हुए सेवा करने व स्वच्छता रखने का संकल्प लिया। इस दौरान ओमप्रकाश सिनसिनवार, विष्णुदत्त शर्मा, मनोज शास्त्री, हितेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## अटल जन सेवा शिविर के अंतर्गत पंचायत समिति परिसर में एसडीएम ने की जनसुनवाई




राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को अटल जन सेवा शिविर के अंतर्गत पंचायत समिति परिसर में उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करना रहा। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश शिकायतें बिजली, पानी, अतिक्रमण, पेंशन योजनाएं, किसान सम्मान निधि योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रहीं। उपखंड अधिकारी मीणा ने सभी परिवादों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि, प्राप्त शिकायतों का शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा ने बताया कि, जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का सीधा अवसर मिलता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होती हैं। उन्होंने कहा कि, जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य यही है कि आमजन को उनके घर के पास ही सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्या समाधान मिल सके। जनसुनवाई में तहसीलदार दीपा यादव, विकास अधिकारी सौदान सिंह, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शिव सिंह मीणा, सीडीपीओ महेंद्र प्रताप सिंह, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता लोकेश सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नदबई में आज 11 केवी सिटी थर्ड फीडर पर मेंटेनेंस के कार्य के चलते
### सुबह 7 बजे से लेकर विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

राजस्थान की राजनीति



**नदबई।** आज गुरुवार को 11 केवी सिटी 3हस्त्र फीडर पर 11 केवी लाइन मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। जिसके कारण फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 7 बजे से 10ऱ00 बजे तक बाधित रहेगी। बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता कृष्णवीर सिंह ने बताया कि, जिसके कारण कासगंज रोड, नट बस्ती, हलैना रोड, वनखण्डी कॉलोनी आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

## ठगी पीड़ितों का भुगतान करने और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** कम्पनियों और सोसायटियों फार्मो कारपोरेशन लिमिटेड के ठगी पीड़ित जमाकर्ताओ ने ढोल नगाड़े , थाली परात चिमटा , चम्मच गिलाश डमरू बजाकर गूंगी - बहरी-अंधी सरकार और शासन प्रशासन को जगाकर,निर्दौष एजेन्टस को झूंटे मुकदमे, प्रताड़ना एवं पलायन से बचाने और ठगी पीड़ितों का भुगतान करने और मुआवजा दिलाने हेतु दौसा जिला कलेक्ट्रेट में एडीएम रामस्वरूप चौहान को ज्ञापन सौपा ,ज्ञापन में बताया कि यदि 30अप्रेल 2025 तक केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने भुगतान सुनिश्चित नहीं किया तो 01 मई 2025 को संसद का घेराव किया जायेगा। जिसमें उपस्थित रत्तीराम कोली जिला अध्यक्ष, रामजीलाल वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, राजूराम मल्होत्रा तहसील उपाध्यक्ष बांदीकुई, योगेन्द्र कुमार महावर,प्रभू दयाल महावर, वली मोहम्मद खान तहसील अध्यक्ष बांदीकुई, मुन्नी देवी, कमला देवी,गुलाब देवी,मनफूली देवी, प्रेम चंद बैरवा, सतीश चन्द्र गुप्ता महुआ। निवेदक रत्तीराम कोली जिला अध्यक्ष ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार मौजूद रहा।

## हीट वेव से आमजन की सुरक्षा के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित, सभी विभाग रहें अलर्ट, किसी भी व्यक्ति की हीट वेव से न हो मौत – आपदा प्रबंधन मंत्री



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को शासन सचिवालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य में बढ़ती गर्मी, संभावित हीट वेव और अन्य मौसमी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान डॉ. किरोडी लाल ने वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टरों से व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक संसाधनों के साथ पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।

आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि हीट वेव से प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में पेयजल की नियमित आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति की स्थिरता और विद्यालयों में दोपहर की छुट्टी या समय परिवर्तन, डिहाईड्रेशन से बचने के लिए जगह–जगह ओआरएस केन्द्र, मनरेगा के साथ अन्य निजी फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों के समय में परिवर्तन तथा पानी और छाया जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

डॉ.मीणा ने कहा कि आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाए, गर्मी से विशेष रूप से प्रभावित वर्गो जैसे निर्माण श्रमिक, बुजुर्ग एवं बच्चों के लिए अतिरिक्त सावधानियाँ बरती जाए। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार हीट वेव लम्बे समय तक रहेगी, इस कारण सभी विभाग अलर्ट रहें और सुनिश्चत करें कि किसी भी व्यक्ति कि इस गर्मी में हीट वेव के कारण मौत न हो।

बैठक में आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनन्द कुमार, पंचायती राज (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड सहित जलदाय विभाग, बिजली विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के लेबर रूम,गैलरी व स्टाफ रूम तक पंहुचा बंदर,मरीज और परिजन हुये भयभीत, वीडियो वायरल

राजस्थान की राजनीति







**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** अब सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा रामभरोसे पर नजर आ रही है। ऐसा एक रोचक मामला जिले के सबसे बड़े मातृ एवं शिशु चिकित्सालय दौसा का है। जहाँ एक बंदर लेबर रूम सहित एएनसी व पीएनसी वार्ड में घूमता नजर आ रहा है। जिसका विडियो तेजी से सोशल मिडिया पर वायरल हो रही है।अब बन्दर का वीडियो वायरल होने से जिला अस्पताल की सुरक्षा लेकर बड़े सवाल खडे हो गए हैं। विडियो वायरल होने सुरक्षा की पोल खुलती नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दौसा महिला मातृ शिशु चिकित्सालय का है जहां पर लेबर रूम तक यह बंदर अचानक पहुंच गया और लोगों में हड़कंप मच गया। दौसा जिला अस्पताल के अंदर जो सुरक्षा तमाम राम भरोसे पर है जहां अस्पताल के लेबर रूम के आसपास वार्डो के पास से घूमता हुआ स्टाफ रूम में भी पहुंच गया। जबकि अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड को भी ये बंदर नजर नहीं आया। और तो और देखने के बाद भी इस रोकने तक की जहमत तक नहीं की। जब्कि अस्पताल में गार्डो की एक लम्बी फौज मौजूद है। लेकिन महिला चिकित्सालय के अंदर बंदर आना एक अपने आप में अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। जिसको लेकर अब अस्पताल प्रशासन अपने बचाव में कहता फिर रहा है कि ये बंदर तो पालतू है। यानि अब अस्पताल में पालतू जानवर भी आराम से वार्ड व लेबर रूम सहित कही भी ले जा सकते हो। जो गैर जिम्मेदाराना जवाब है। वायरल वीडियो में बंदर मातृ शिशु चिकित्सालय के लेबर रूम सहित गैलरी तक पंहुचा है इतना ही नहीं बंदर स्टाफ रूम के अंदर भी नजर आ रहा है। पूर्व में नवजात शिशुओं पर हमला करने के मामले जिले के अस्पतालों में से आ चुके हैं। फिर भी अस्पताल अपनी जिम्मेदारी की जगह पल्ला हडता नजर आ रहा आ रहा है। गनीमत रही की बंदर लेबर रूम में नहीं पंहुचा और किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। नहीं लेने के देने पद जाते।

## भारतीय संस्कृति की प्रतीक अहिल्याबाई के कार्य और आदर्श आज भी स्मरणीय- देवनानी

### बिड़ला सभागार में राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा का श्रेष्ठ मंच संयोजन

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रशताब्दी समारोह के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित नाट्य मंचन पर कहा कि राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा का श्रेष्ठ मंच संयोजन किया है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया और कहा अहिल्याबाई होल्कर उन महान महिला रत्नो में से एक हैं, जिनका नाम भारत के घर-घर में जाना जाता है। वे सर्व कल्याणकारी भारतीय संस्कृति की साक्षात प्रतिमूर्ति रही। भारतीय नारी का ज्वलंत उदाहरण अहिल्या बाई जीवन में संघर्षो से अनेक बार जूझी लेकिन कभी हार नहीं मानी। देवनानी ने कहा कि भारतीय इतिहास में अहिल्याबाई वीरता- धीरता के साथ विनम्रता और शक्ति वैभव की पहचान है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा दिया। उन्होंने महेश्वर को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र बनाया। महेश्वर में घाटों का निर्माण आज भी उनके शासन की समृद्धि और समझदारी को दिखाते हैं।

देवनानी ने कहा कि अहिल्याबाई का संघर्ष और सफलताओं से भरा जीवन लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। भारतीय संस्कृति की प्रतीक अहिल्याबाई के कार्य और आदर्श समाज के लिए स्मरणीय है। उनकी गौरवशाली गाथा हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। लोक माता के रूप में पहचानी जाने वाली अहिल्याबाई ने भारत की समूची मानवता के स्थाई हित को ध्यान में रखकर अनेक ऐतिहासिक और स्मरणीय कार्य किए। आध्यात्मिकता, एकात्मकता और राष्ट्रीयता की सुप्त भावनाओं को जागृत कर उन्होंने सच्चे अर्थो में राष्ट्र निर्माण का कार्य किया था। श्रेष्ठ कार्य, उच्च विचारों और अच्छे जीवन के कारण ही देवी अहिल्या का जीवन प्रेरणामयी व लोकोपयोगी रहा। वे हमारी भारतीय संस्कृति की एक मूल्यवान और अलभ्य मोती थी। देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति में माताओं की महती भूमिका होती है। घरों में संस्कारों की आवश्यकता है। हम सब लोग घर में बच्चों को समय दे। संस्कारित करें। सनातन का भाव समझे और समझाये। रामायण का अध्ययन करें। प्रधानमंत्री की विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में सभी सक्रिय योगदान दें। बुधवार को बिड़ला सभागार में अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर नागपुर से आये चालीस कलाकारों ने नाटक का मंचन किया। यह आयोजन विश्वमांग्लय सभा और राज्य के सांस्कृतिक और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मातृत्व को समर्पित संस्था विश्वमांग्लय सभा की ओर से इस नाटक का मंचन देश के 101 जिलों में किया जा रहा है। जयपुर में यह तीसवां पडाव था। नाटक की लेखिका डॉ. वृशाली जोशी थी। इस मौके पर उपमुख्यंत्री दिया कुमारी, सांसद मनोज तिवारी, भैयाजी जोशी, प्रशांत हरतालकर, नीता बूचरा और पूजा देशमुख मौजूद रहे।

### देवनानी से जोधपुर एम्स के चिकित्सा अधीक्षक की मुलाकात

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को यहां विधान सभा में जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक महेश देवनानी ने शिष्टाचार मुलाकात की। चिकित्सा अधीक्षक ने देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादंन किया। उन्होंने विधान सभा अध्यक्ष को एम्स की चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री का श्रीगंगानगर दौरा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिश्नोई मंदिर में किए दर्शन, शहीद नगर गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेका, पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार उठा रही जरूरी कदम- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अपने दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत श्रीगंगानगर के बुड्ढा जोहड़ में बिश्नोई मंदिर (डाबला) में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान शर्मा ने मंदिर परिसर में मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मां अमृता देवी ने जो बलिदान दिया था, उसे आज भी सभी पूर्ण श्रद्धा भाव से नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज सदैव पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी रहता है तथा पशु-पक्षियों के लिए उनका त्याग व प्रेम का भाव भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बुड्ढा जोहड के ही शहीद नगर गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेका तथा वहां उपस्थित सेवादारों व जनसमूह से आत्मीय संवाद किया। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का श्रीगंगानगर से बुड्ढा जोहड़ के रास्ते में आमजन व किसानों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गन्ने से गुड़ बनाने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने किसान के साथ चारपाई पर बैठकर छाछ पी और ताजा गुड़ खाया। इस अवसर पर श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, विधायक गुरवीर सिंह बरार तथा बिश्नोई मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद सियाग सहित मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष की शुभकामनाएं

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने महावीर जयंती के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री देवनानी ने कहा है कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और क्षमा पर जोर दिया था। त्याग, संयम, प्रेम, करुणा, शील और सदाचार उनके प्रवचनों का सार था। श्री देवनानी ने कहा कि इन गुणों के आत?मसात से मानव जीवन को उत्तम बनाया जा सकता है।

### स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने श्रीगंगानगर का दौरा कर सीवरेज व जलापूर्ति कार्यों को जल्द पूर्ण कर आमजन को लाभ दिलाने के दिये निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री राजेश यादव व आरयूआईडीपी के परियोजना निदेशक श्री पीयूष समरिया ने श्रीगंगानगर शहर में किये जा रहे आधारभूत विकास कार्यो का निरीक्षण किया और परियोजना कार्यों के संबंध में आरयूआईडीपी, नगर परिषद एवं यूआईटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में ली। संयुक्त बैठक में अमृत 2.0 और आरयूआईडीपी द्वारा किये जा रहे सीवरेज व जलापूर्ति निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई और कार्यो को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये ताकि इन विकास कार्यो का लाभ आमजन को जल्द से जल्द मिल सके। श्रीगंगानगर जिले के प्रभारी सचिव श्री यादव ने बैठक के दौरान आरयूआईडीपी को सीवरेज एवं पेयजल परियोजना का कार्य जुलाई 2025 तक पूर्ण कर आमजन को परियोजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। नगर विकास न्यास को शुगर मिल सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट को आगामी 15 दिवस में शुरू करने एवं सद्भावना नगर सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट की रियूज वाटर लाईन के कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अमृत 2.0 के तहत चल रहे पुरानी आबादी के सीवरेज कार्य के लिए नगर परिषद अधिकारियों को ईदगाह एसटीपी का कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए, साथ ही फर्म को धीमी गति से कार्य करने के कारण नोटिस देने के निर्देश दिए। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के परियोजना निदेशक एवं रूडसिको के कार्यकारी निदेशक श्री पीयूष समरिया ने आरयूआईडीपी, नगर परिषद एवं यूआईटी अधिकारियों के साथ सद्भावना नगर एसटीपी, शुगर मिल एसटीपी एवं कुंज विहार में अमृत 2.0 के तहत चल रहे सीवरेज कार्यो का निरीक्षण कर कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि सभी विभाग समन्वय से काम करें ताकि आमजन को परेशानी न हो। श्री समरिया ने विशेष जोर देते हुये कहा कि सीवरेज लाईन बिछाने के उपरांत रोड रेस्टोरेशन का कार्य तय समयावधि में पूर्ण करें।

## भगवान महावीर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर जयंती (10 अप्रैल) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने प्रेम, दया और करूणा के जिस मार्ग का संदेश दिया उस पर चलते हुए सभी आदर्श एवं समरस समाज के निर्माण में योगदान दें।

### स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा विद्यालय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित, विद्यालयों में बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास हो- राज्यपाल



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि कहीं कोई विद्यालय खुलता है तो ज्ञान की एक खिड़की समाज को मिलती है। उन्होंने विद्यालयों को बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास करने का स्थान बनाए जाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को गढ़ती है। वही समाज आगे बढ़ता है जो शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होता है। राज्यपाल बागडे बुधवार को मानसरोवर स्थित दीप प्रेक्षागृह में स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा आयोजित एक निजी विद्यालय के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की नींव विद्यालय ही तैयार करते हैं। पर विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केंद्र ही नहीं हों बल्कि वहां विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कार्य भी हो। उन्होंने विद्यालयों मे बच्चों को राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्य और आदर्श जीवन चरित्र की शिक्षा प्रदान किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने इस दौरान प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा, गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त के जनक भारत के होने, भास्कराचार्य द्वारा की गई खोजों और सभी क्षेत्रों में भारत के अग्रणी रहने के उदाहरण देते हुए शिक्षकों का आह्वान किया कि वे नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान-विरासत से जोड़े। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों का जीवन गढ़ने वाली है। इसको विद्यालय व्यावहारिक रूप में अपने यहां लागू करे।

## फिल्म अभिनेता सैफ अली खान झुंझुनूं से मुंबई रवाना: मंडावा के अजीतगढ़ और चूड़ी गांव में कर रहे थे फिल्म 'जम्हूरियत' की शूटिंग

राजस्थान की राजनीति



**झुंझुनूं।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान बुधवार दोपहर को मंडावा से वापस मुम्बई के लिए रवाना हुए। वे जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना होंगे।

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान अपनी आगामी फिल्म %जम्हूरियत% की शूटिंग के लिए झुंझुनूं और मंडावा में व्यस्त थे। 2 अप्रैल से वह निर्देशक गौरव चावला के निर्देशन में विभिन्न लोकेशंस पर फिल्म के दृश्यों को शूटिंग कर रहे थे। आज दोपहर 2ऱ30 बजे तक सैफ अली खान चूड़ी अजीतगढ़ गांव में शूटिंग कर रहे थे। इसके बाद दोपहर 3 बजे उन्होंने मंडावा के होटल डेजर्ट रिसॉर्ट से मुंबई के लिए रवाना हुए।

### शूटिंग के दौरान थलिया हवेली भी देखी

शूटिंग के दौरान सैफ अली खान ने मंडावा के पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया। ठाकुर शिवार्जुन सिंह के साथ उन्होंने प्रमुख पर्यटन स्थल थलिया हवेली का दौरा किया। हवेली में बने संग्रहालय में रखी वर्षो पुरानी वस्तुओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। गाइड ओम सिंह डाबड़ी ने उन्हें हवेली के इतिहास से अवगत कराया। शूटिंग यूनिट के सदस्यों के अनुसार, सैफ अली खान का इस हवेली से पुराना नाता है। उन्होंने कई साल पहले इसी हवेली में अपनी फिल्मों कचे धागे और लव आज कल की शूटिंग भी की थी, जिससे उनकी पुरानी यादें ताजा हो गई। माना जा रहा है कि फिल्म जम्हूरियत में सैफ अली खान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और झुंझुनूं और मंडावा के विभिन्न ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को फिल्म में दर्शाया जाएगा। फिल्म की रिलीज डेट का अभी इंतजार है। फिल्म की यूनिट के अनुसार, शूटिंग का शेड्यूल पूरा होने के बाद अब सैफ अली खान मंडावा से जयपुर होते हुए मुंबई लौटेंगे।

चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।

बैंकॉक सम्मेलन

अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दिवस विशेष

डा. अदिति अरुण

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेजी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्ज़री की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में प्रोत्साहित किया जाए। इन



दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित

दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

# मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित

प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।










ट्रेंड

## रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

## संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हनी ट्रैप में फंसाने वाली तीन महिला गिरफ्तार

# सोशल मीडिया पर दोस्ती कर जाल में फंसाती थी, झूठे मुकदमे की धमकी देकर मांगती थी रुपए



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** हनीट्रैप में फंसाने वाली 3 महिलाओं को जयपुर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों महिलाओं को आज कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया। इनके पास से एक फर्जी मीडिया के कार्ड भी मिला है। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया- पकड़ी गई महिलाओं में निशा (22) पत्नी सुमित निवासी बिसलपुर बरेली यूपी हाल दिल्ली, सुमन चौधरी (45) पत्नी विजेंद्र सिंह निवासी भजनपुरा, दिल्ली और सारिका (41) पत्नी विकास कुमार निवासी चाकसू जयपुर हाल जगतपुरा थाना रामनगरिया जयपुर हैं। उन्होंने कहा ये तीनों महिला सोशल मीडिया पर लड़कों से दोस्ती करती थी। जाल में फंसने के बाद किसी जगह बुलाकर लूटपाट करती और पुलिस में झूठा मामला दर्ज करवाने की धमकी देती थी।

## पीड़ित को ब्लैकमेल कर मांग रही थी रुपए

डीसीपी ने बताया- पीड़ित ने गैंग के बारे में जानकारी दी थी। उसने बताया था कि 6 अप्रैल को उसके मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आई थी, जिसमें महिला ने मिलने के लिए कहा था। पीड़ित ने उसे घर की लोकेशन भेज दी। जिसके बाद महिला उसके घर पहुंची और जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर झूठा मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। आरोपी महिला ने उससे 5 लाख रुपए की डिमांड की। पीड़ित ने डरकर उसे 20 हजार रुपए दे दिए। जिसके बाद महिला और पैसा मांगने लगी। पीड़ित की शिकायत पर एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी के निर्देशन में टीम बनाई गई। प्रताप नगर सीआई मनोज कुमार बेरवाल ने कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार किया। एक महिला के पास मीडिया का पहचान-पत्र भी मिला।

एसआई भर्ती फर्जीवाड़े में पहली बार एसडीएम गिरफ्तार

# डमी कैंडिडेट बनकर दी थी परीक्षा; आरएएस एग्जाम में दूसरे प्रयास में मिली थी 22वीं रैंक

राजस्थान की राजनीति

**जैसलमेर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती फर्जीवाड़े में प्रदेश में पहली बार एसडीएम की गिरफ्तारी हुई है। SOG की टीम ने जैसलमेर के फतेहगढ़ SDM हनुमान राम को गिरफ्तार किया है। हनुमान राम ने डमी कैंडिडेट बनकर नरपतराम की जगह एसआई भर्ती परीक्षा दी थी।



जोधपुर रेंज पुलिस ने 3 दिन पहले एसआई भर्ती मामले में नरपतराम (29) और उसकी पत्नी इंद्रा (27) को गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा था। पूछताछ में दोनों ने SDM हनुमान राम का नाम लिया था। इसी के आधार पर हनुमान राम को गिरफ्तार किया गया है।

## आरएएस परीक्षा 2021 में मिली थी 22वीं रैंक

बाड़मेर जिले के बिसारणियां गांव निवासी हनुमानराम विरड़ा को ऋस्र परीक्षा-2021 में 22वीं रैंक मिली थी। हनुमान राम 2016 से लगातार आरएएस की तैयार कर रहा था और दूसरे प्रयास में आरएएस में 22वीं रैंक हासिल की। हनुमानराम के परिवार में पिता कौशला राम, माता पेम्पो देवी, दो भाई और 6 बहने हैं। पिता और भाई गांव में खेती करते हैं।

## फरवरी 2025 में फतेहगढ़ एसडीएम का पद पर जॉइन किया

हनुमान राम ने 2016 में भाटिया आश्रम सूरतगढ़ से आरएएस की तैयारी की थी। 2016 में आरएएस की परीक्षा दी, लेकिन सिलेक्शन नहीं हुआ। 2018 में बाड़मेर में सांख्यिकी विभाग संगणक के पद पर चयन हुआ। सरकारी नौकरी करते हुए आरएएस की तैयारी नहीं छोड़ी। दूसरे प्रयास में उसका सिलेक्शन हो गया था। हनुमान राम की पहली पोस्टिंग 13 फरवरी 2023 चितलवाना (जालोर) में SDM के पद पर हुई थी। इसके बाद SDM बागोड़ा (सांचौर) के पद पर रहा और फिर शिव SDM के पद पर तबादला हुआ। 11 फरवरी 2025 को जैसलमेर के फतेहगढ़ में SDM के पद पर जॉइन किया था।

## एसआई एग्जाम में पास हुई अभ्यर्थी ने लिया था पति-पत्नी का नाम

डमी कैंडिडेट बैठाकर एसआई एग्जाम में पास हुई हरखू जाट तक एसओजी पहुंची थी। हरखू ने पकड़े जाने के बाद पूछताछ में नरपतराम और उसकी पत्नी इंद्रा का नाम लिया था। हरखू ने बताया था कि उसकी और इंद्रा की मुलाकात एक लाइब्रेरी में हुई थी। हरखू पढ़ने में कमजोर थी, जबकि इंद्रा होशियार थी। ऐसे में हरखू ने इंद्रा को उसकी जगह पेपर देने का ऑफर दिया था। इंद्रा के पति नरपत को जब यह बात मालूम चली तो उसने हरखू से 15 लाख रुपए लिए और इंद्रा को डमी कैंडिडेट बनाकर हरखू की जगह एग्जाम दिलाया, जिसमें हरखू पास भी हो गई। हरखू अंतिम रूप से चयनित होकर प्लाटून कमांडर बन गई थी। हालांकि इंद्रा ने खुद भी एग्जाम दिया था, लेकिन वह फेल हो गई थी। जब पति-पत्नी को हरखू के एसओजी में पकड़े जाने की सूचना मिली, तब दोनों फरार हो गए। तीन दिन पहले जोधपुर रेंज पुलिस ने ऑपरेशन तर्पण चलाकर नरपतराम और इंद्रा को गिरफ्तार किया था। नरपत राम को गोवा में वाइन शॉप से और इंद्रा को खेमे का कुआं, पाल रोड (जोधपुर) से गिरफ्तार किया था। पति के पकड़े जाने की भनक लगते ही इंद्रा भागने की फिराक में थी, लेकिन उसके पहले ही पकड़ी गई।

हाईकोर्ट से परकोटे के 900 दुकानदारों को फौरी राहत

# 19 आवासीय भवनों में कॉमर्शियल काम होने पर माना था अवैध, सरकार को कार्रवाई के लिए 2 महीने का समय

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने परकोटे (वॉलसिटी) में संचालित 19 कॉमर्शियल-कॉम्प्लेक्स के मामले में कार्रवाई करने के लिए सरकार को दो महीने का अतिरिक्त समय दिया हैं। वहीं कार्रवाई से पहले दुकानदारों की व्यक्तिगत सुनवाई करने के लिए भी कहा गया हैं।

जस्टिस इंद्रजीत सिंह की खंडपीठ ने दुकानदारों के प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। इससे कॉमर्शियल-कॉम्प्लेक्स में संचालित 900 दुकानदारों को फौरी राहत मिल गई हैं।

## निगम ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र शोभित तिवाड़ी ने कोर्ट से कहा- निगम ने कार्रवाई करते हुए 5 से 6 कॉम्प्लेक्स में संचालित दुकानों को सील कर दिया हैं। ऐसे में पहले निगम को कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए जाने चाहिए। उसके बाद व्यक्तिगत सुनवाई करने के लिए कहा जाना चाहिए।



उन्होंने कहा- यह तो उन दुकानदारों के साथ अन्याय हो गया, जिनकी दुकानें बिना सुनवाई का मौका दिए ही सील कर दी गई हैं। आज के आदेश से बाकी दुकानदारों को समय मिल गया हैं। उन्होंने कहा- निगम ने भी इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की हैं। निगम ने छोटे दुकानदारों की दुकानें सील की हैं। बड़े दुकानदारों पर कार्रवाई नहीं करते हुए उनको अप्रत्यक्ष रूप से काफी समय दिया हैं।

## 19 भवनों को माना था अवैध

दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश पर गठित कमेटी ने परकोटे के हल्दियों के रास्ते और इसके आस-पास के 19 भवनों को पूरी तरह से अवैध माना था। वहीं 12 भवनों को आंशिक तौर पर अवैध माना था। 19 में से कुछ भवनों में अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थी। कुछ ने वॉलसिटी के हेरिटेज से छेड़छाड़ की थी, जिसके बाद हाईकोर्ट ने इन कॉम्प्लेक्स को सील करने का आदेश दिया था।

## हाईकोर्ट ने लिया था स्वप्रेरित प्रसंज्ञान

परकोटे में आवासीय भवनों में कॉमर्शियल गतिविधियों को लेकर हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था। वहीं रिहायशी क्षेत्र में अवैध निर्माण होना व व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित करना कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन माना था। पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट ने इन भवनों को सील करते हुए निगम को पालना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था।

मंदिर मुद्दे पर जूली के समर्थन में उतरे राहुल गांधी

# बोले-बीजेपी नेता हर नागरिक के साथ जूली जैसा ही बर्ताव करना चाहते हैं; कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बनाया

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिस राम मंदिर में गए, उसे तत्कालीन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल से धोने के मामले को कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बना लिया है। राहुल गांधी जूली के समर्थन में उतर आए हैं। गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल ने कहा- राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दलित हैं, वे मंदिर गए थे। उनके जाने के बाद बीजेपी के नेताओं ने मंदिर को साफ करवाया, धुलवाया। और, वो अपने आप को हिंदू कहते हैं। उन्होंने कहा- एक दलित व्यक्ति को मंदिर में जाने का अधिकार नहीं देते। जाता है तो मंदिर को धुलवाते हैं। यह हमारा धर्म नहीं है। हम भी अपने आपको हिंदू कहलाते हैं, लेकिन यह हमारा धर्म नहीं है। हमारा धर्म वो है, जो हर व्यक्ति का आदर करता है। और, यह जो बात है चाहे दलितों-पिछड़ों के खिलाफ हो, यह बीजेपी के हर कार्यकर्ता के दिल में छिपी हुई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता हिंदुस्तान के हर व्यक्ति का सम्मान करता है, बीजेपी के दिल में नफरत भरी है। 21वीं सदी में संविधान है, इसलिए वो कह नहीं सकते, लेकिन उनके दिल में वही है, वो हिंदुस्तान के हर नागरिक के साथ वही सलूक करना चाहते हैं जो जूली के साथ किया। राहुल गांधी और कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर इस मामले से जुड़े वीडियो डालते हुए बीजेपी पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने मंदिर को गंगाजल से धोने के वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने लिखा- ये बीजेपी की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण है। बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है।

## कांग्रेस ने आहूजा को मोदी का चहेता नेता कहा



कांग्रेस ने लिखा- आहूजा का कहना है कि दलित अपवित्र होते हैं। अपवित्र लोग मंदिर में आ गए थे, इसलिए हमने राम मंदिर को गंगाजल से धो दिया। ये पहला मामला नहीं है, क्च्छ्क और ऋस्र के लोग लगातार दलितों का अपमान करते रहे हैं। मोदी के करीबी ज्ञानदेव आहूजा ने जो किया है, वह क्च्छ्क की दलित विरोधी मानसिकता का जीता-जागता सबूत है। साफ है कि क्च्छ्क दलित विरोधी है और यही इनका असली चाल, चरित्र और चेहरा है। वो तो संविधान की वजह से क्च्छ्क के लोग दलितों को बर्दाश्त कर रहे हैं और इसी कारण ये बार-बार संविधान बदलने की बात भी करते हैं।

## कांग्रेस ने इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाया

बीजेपी ने ज्ञानदेव अहूजा को भले ही पार्टी से निकाल दिया हो, लेकिन कांग्रेस ने अपने दलित वर्ग से आने वाले नेता टीकाराम जूली के अपमान से जोड़कर इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। कांग्रेस अब बीजेपी को दलित विरोधी बताते हुए पलटवार कर रही है। राजस्थान में इस मुद्दे पर प्रदर्शन हो चुके हैं।

## विवाद पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा-

दलित भी हिंदू धर्म के अंग॰ कांग्रेस अधिवेशन में टीकाराम जूली के मंदिर दर्शन के बाद भाजपा नेता के गंगाजल छिड़कने का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- ÷एक दलित व्यक्ति, जो हमारा नेता प्रतिपक्ष है, वो राम मंदिर के दर्शन के लिए गया। उसके बाद मंदिर को गंगाजल से पवित्र करने का काम किया, यह शर्म की बात है। हम जो दलित, पिछड़े हैं वह भी हिंदू हैं, दलित भी तो हिंदू धर्म के ही अंग हैं। मोदी-शाह से अपील: खड़गे ने आगे कहा- एक राजनेता, एक नेता प्रतिपक्ष की यह हालत है तो सोचिए देहात में रहने वाले दलित हिंदुओं की क्या दशा होगी। मोदी साहब यह सुधारो पहले। शाह, आपके पास होम मिनिस्ट्री है, इन अत्याचारों को बंद करो।

वसुंधरा की नाराजगी के बाद केंद्र सख्त

# पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से मांगी रिपोर्ट, पूर्व सीएम ने कहा था- लोग रो रहे हैं

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर/झालावाड़।** पेयजल संकट पर राजस्थान में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई है। केंद्र ने पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सोशल मीडिया पर लिखा- झालावाड़ में जल संकट को लेकर वसुंधरा राजे की उठाई गई चिंता को गंभीरता से लिया है। राजस्थान सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है। बता दें कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने झालावाड़ जिले के कई इलाकों में पानी संकट को लेकर अफसरों को फटकार लगाई थी। रायपुर कस्बे में लोगों की शिकायत पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए अफसरों पर तल्ख टिप्पणी की। राजे ने एक्स पर लिखा- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है। अफसर तृप्त हैं। पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पर लिखा- जब पूर्व सीएम मजबूर तो आम आदमी की क्या हालत होगी।

## वसुंधरा राजे की अफसरों को फटकार, जानें पूरा मामला...



क्या जनता को प्यास नहीं लगती?॰ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को जिले के दौरे पर रायपुर पहुंचीं। पेयजल संकट की शिकायत मिलने पर उन्होंने जलजीवन मिशन और जलदाय विभाग के अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है?

42 हजार करोड़ की योजना का हिसाब मांगा॰ राजे ने लिखा- प्रधानमंत्री जी ने 42 हज़ार करोड़ जल जीवन मिशन में दिए हैं। पाई-पाई का हिसाब दो कि झालावाड़ के हिस्से की राशि का आपने क्या किया? पेयजल संकट निवारण के लिए हमारी सरकार तो पैसा दे रही है, लेकिन अफसर योजनाओं की सही क्रियान्विति नहीं कर रहे। इसलिए राजस्थान के लोग प्यास से व्याकुल हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा- यह तो अप्रैल का हाल है, जून-जुलाई में क्या होगा?

अधिकारियों का जवाब॰ दीपक झा, एसई, पीएचईडी प्रोजेक्ट ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा - ÷जिले में बेहतर काम हुआ है। फिर भी कहीं कमी है तो दूर कर रहे हैं। काम भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। परवन अकावद के टेंडर नहीं हुए हैं। अधिकतर काम तो पूरे भी हो चुके हैं।

अफसरों की चुप्पी पर सख्त रुख॰ पूर्व सीएम के सवालों का वहां मौजूद एसई पीएचईडी प्रोजेक्ट दीपकसिंह झा सहित कोई भी अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने साफ चेतावनी दी कि ÷लोगों के धैर्य की परीक्षा मत लीजिए।÷ इसके बाद राजे ने कड़ोदिया गांव में सीएचसी भवन व मथानिया में पीएचसी भवन का उद्घाटन किया।

# हनुमानगढ़ में आज निकलेगी विराट धर्मयात्रा: 35 झांकियां होंगी शामिल, 85 जगह लगेंगे भंडारे; साधु-संत बग्गी में निकलेंगे

राजस्थान की राजनीति

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में गुरुवार को विराट धर्मयात्रा निकाली जाएगी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, रामनवमी महोत्सव समिति और हिंदू समाज की ओर से आयोजित यह धर्मयात्रा सुबह 11॰15 बजे जिला कलेक्ट्रेट से शुरू होगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टाउन की धानमंडी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पर समाप्त होगी। धर्मयात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के बाजारों को सजाया गया है और जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। सभी चौक-चौराहों को भगवा



रंग में रंगा गया है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रांत संयोजक आशीष पारीक के अनुसार पिछले 20 दिनों से हिंदू समाज के लोग इस धर्मयात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। यात्रा में 35 विभिन्न झांकियां शामिल होंगी। साधु-संत बग्गी में सवार होकर चलेंगे। मार्ग में 85 स्थानों पर दूध, मिठाई, छाछ और शर्बत के भंडारे लगाए जाएंगे। धर्मयात्रा के दौरान मशीनों से रंगों की बौछार की जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता का वातावरण बनाना है। कार्यक्रम की तैयारियों में महेश जसूजा, राजेश हिसारिया, डॉ. निशांत बत्रा, कुलदीप नरूका, मोहन चंगोई समेत कई प्रमुख लोग शामिल हैं।

50 मोडीफाईड साईलेन्सर लगी बुलट मोटरसाईकिल जप्त

# शिप्रापथ थाना सीआई राजेन्द्र गौदारा ने की एक माह में कार्रवाई, मोटर व्हीकल एक्ट में सीज की मोडीफाईड साईलेंसर बुलट



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के शिप्रापथ सीआई ने इलाके में मोडीफाईड साईलेन्सर लगी 50 बुलट मोटरसाइकिलों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की। पिछले एक माह से इलाके में हवाबाजी करने वाले युवकों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई हैं। थाना पुलिस ने जगह-जगह पर बैरिकेट लगा कर विशेष रूप से इस मोडीफाईड साईलेंसर लगाने वालों पर यह एक्शन लिया हैं। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि जयपुर में बुलट मोटरसाइकिलों का साईलेन्सर मोडीफाई करवाकर वाहन के चालकों द्वारा अनेक सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट व मोटरसाईकिलो के मोडीफाई साईलेन्सरो से गोली जैसी पटाखे की आवाज करते है। जिससे आम जन में इन बुलट मोटरसाइकिलो के प्रति असंतोष बढ रहा था। जिस पर सभी थाना सीआई को ऐसी बाइक चलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिये थे। जिस पर शिप्रापथ पर थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा के नेतृत्व में पुलिस थाना शिप्रापथ के जाप्ता ने मोडीफाईड साईलेन्सर लगी बुलैट मोटरसाईकिलों की चैकिंग का अभियान चलाया गया। और पिछले एक माह में 50 बुलट बाइक सीज की।

बड़ी सादड़ी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन का बैंक अकाउंट सीज

# सफेमा कोर्ट ने तस्करी की कमाई फ्रीज की, NCB अन्य संपत्तियों की जांच कर रही




राजस्थान की राजनीति

**जोधपुर।** तस्करी में लिप्त बड़ी सादड़ी (चित्तौड़गढ़) नगर पालिका पूर्व चेयरमैन निर्मल पितलिया के बैंक अकाउंट को सीज करने के आदेश सफेमा कोर्ट ने दिए हैं। इसके बाद जोधपुर NCB अब तस्करी के जरिए जुटाई अन्य संपत्तियों को खंगालने के प्रयास में जुटी है। एनसीबी जोधपुर के क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी ने बताया 30 अगस्त 2024 में पूर्व चेयरमैन पितलिया और उसके एक साथी की SUV से करीब 52 लाख रुपए कीमत का 10.5 त्रद्द अफीम का दूध बरामद किया था। आरोपी ने स्ड्ढ के टैंक में अलग से 25 लीटर का चैंबर बना रखा था। इसी में तस्करी का माल सप्लाई किया जा रहा था। इस मामले में एनसीबी टीम ने पूर्व चेयरमैन निर्मल पितलिया और उसके साथी बड़ी सादड़ी के ही कृष्ण वाटिका निवासी इलियास खां को गिरफ्तार किया था।

## LIC के निवेश भी सीज

सोनी ने बताया- इसके बाद जोधपुर NCB के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पितलिया की मादक पदार्थ से अर्जित संपत्तियों के बारे में छानबीन शुरू की। एनसीबी की टीम की प्रारंभिक छानबीन में पितलिया के बैंक खाते में बैलेंस के साथ एलआईसी वगैरह में निवेश के तथ्य सामने आए।

## सफेमा कोर्ट ने दिए फ्रीज करने के आदेश

सोनी के अनुसार, तस्कर पितलिया के बारे में शुरुआती छानबीन में बैंक बैलेंस और अन्य में करीब 5 लाख 60 हजार रुपए मूल्य की अवैध संपत्तियों की पहचान हो गई। इन्हें फ्रीज करने के लिए फ्रीजिंग ऑर्डर बनाकर सफेमा दिल्ली को भेजा गया।

## रिश्तेदारों-दोस्तों से मांगी जानकारी

क्षेत्रीय निदेशक सोनी ने बताया कि पितलिया और उसके साथी की अन्य संपत्तियों के बारे में पता लगाने के लिए चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक और तहसीलदार को भी पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। इसके अलावा आम नागरिकों से अपील की गई है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एनसीबी के इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं। कोई भी नागरिक अपनी पहचान छुपाकर भी जानकारी को मैनस- राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर 1933 पर साझा कर सकते हैं।

अजमेर दरगाह दीवान के बेटे ने वक्फ-कानून का किया समर्थन

# बोले- इससे नुकसान नहीं फायदा; सरवर चिश्ती बोले-जो मुसलमान फेवर में, वो पे-रोल पर हैं

राजस्थान की राजनीति

**अजमेर।** वक्फ संशोधन कानून 8 अप्रैल से देशभर में लागू हो गया है। विपक्षी पार्टियों के साथ ही देशभर में मुस्लिम इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि कई लोग इसके समर्थन में भी हैं। अजमेर दरगाह दीवान के बेटे ने वक्फ कानून का समर्थन करते हुए इसे सही बताया है। उन्होंने कहा- आज की तारीख में



वक्फ के ऊपर लैंड माफिया का कब्जा है और बड़े रसूखदार लोगों ने कौड़ियों के दाम में वक्फ की प्रॉपर्टी किराए पर ले रखी है। यह कानून इसे मुक्त करने के लिए लाया गया है। उधर, अजमेर दरगाह से जुड़ी खादिम संस्था अंजुमन सैयद जादगान ने वक्फ कानून का विरोध किया है। उन्होंने कहा- यह सांप्रदायिक एजेंडा है। 99.9त्न मुसलमान नए वक्फ कानून के खिलाफ है। सिर्फ 0.1त्न इसके फेवर में है।

## दरगाह दीवान के बेटे ने किया वक्फ कानून का समर्थन

उधर, दरगाह दीवान के बेटे नसरुद्दीन चिश्ती ने वक्फ बिल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- वक्फ बोर्ड में जो सालों से भ्रष्टाचार फैला हुआ था, इस कानून के जरिए उसे मुक्त करवाया जाएगा। मैं देश के मुसलमान को यही कहूंगा कि इस कानून से घबराने की जरूरत नहीं है। इससे कोई प्रॉपर्टी सीज नहीं होगी, बल्कि वक्फ से जुड़ी प्रॉपर्टी का सही तरीके से इस्तेमाल होगा।

## नसरुद्दीन चिश्ती बोले- वक्फ पर लैंड माफिया का कब्जा

नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि वक्फ की पवित्रता को बनाए रखने के लिए कानून लाया गया है। वक्फ की पवित्रता कहीं न कहीं भंग हो गई थी। इसे वापस से कायम करने के लिए सरकार कानून लेकर आई है। देश के मुसलमान को समझने की जरूरत है कि इस एक्ट से नुकसान नहीं फायदा है। यह आम मुसलमान से जुड़ा हुआ मामला नहीं है।

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है*

**टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर विदेश मंत्री ने बताई रणनीति**

# भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर यूएस से जल्द करेगा बातचीत, दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक, वॉशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाले हम एकमात्र देश

नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में



उथल-पुथल मचा रखी है। भारत पर भी ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ लगने के बाद बुधवार को पहली बार सरकार ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि टैरिफ से निपटने के लिए भारत की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) करना है। फरवरी में वाशिंगटन में पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने 2025 तक बीटीए की पहली किस्त पर बातचीत करने का ऐलान किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाला भारत शायद एकमात्र देश है। जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचना संभव है कि इसका क्या असर होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है? मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक थे। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी।

### फरवरी में दोनों देशों ने बीटीए पर बातचीत का किया था ऐलान

### बलूच लोगों से जुड़े मानवाधिकार उल्लंघनों से निपटने के कम प्रयास हुए

## मानवाधिकार हनन से जूझता बलूचिस्तान

*जयशंकर ने बलूचिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वह क्षेत्र मानवाधिकार हनन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में अशांति फैली हुई है, बलूच समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उनका अपहरण किया जा रहा है। वे पीड़ित हैं और उन्हें बिना निष्पक्ष कानूनी प्रक्रियाओं के गंभीर पीड़ा दी जा रही है। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रवैये पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि वह भी उनकी स्थिति को अक्सर अनदेखा करता है। बूलच लोगों से जुड़े मानवाधिकार उल्लंघनों से निपटने के बहुत कम प्रयास हुए हैं, आबादी बेबस हो गई है।*

### पाक को भस्म कर देगा आतंकवादी उद्योग

जयशंकर ने कार्यक्रम में पाकिस्तान को लेकर कहा कि पाकिस्तान में लोग इस बात को खुलेआम गर्व से स्वीकार करते हैं कि उनके देश द्वारा भारत में आतंकवादी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश आतंकवादी उद्योग शुरू करता है तो वह खुद भी उसमें भस्म हो जाएगा। जो आज हम खुद भी देख रहे हैं।

### चीन संग रिश्ते पहले से बेहतर हुए

जयशंकर ने चीन को लेकर कहा कि भारत-चीन के रिश्ते पहले से बेहतर हैं। एलएसी विवाद की समाप्ति के संदर्भ में उन्होंने कहा कि डेमचौक और देपसांग में दोनों सेनाओं को हटाना जरूरी था और ये हुआ भी है। लेकिन आज भी मामले से जुड़े हुए कुछ मुद्दे बाकी बचे हुए हैं। इलाके में सालों तक सैन्य तैनाती बढ़ती रही, जिससे तनाव बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाएं बंद हैं, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक जारी है। इन सभी को दुरुस्त करना पड़ेगा। जयशंकर ने दावा किया कि हम सही मार्ग पर हैं और अभी काफी काम किया जाना बाकी है।

---

**खबर संक्षेप**

### म्यांमार मदद पर यूएन ने की भारत की तारीफ



**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है।

### पाणिनि की जन्मस्थली 'देवभूमि' की मान्यता

**काठमांडू।** नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने बसुझाव दिया कि संस्कृत व्याकरणविद् पाणिनि की



जन्मस्थली को 'देव भूमि' के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। ओली ने अरघाखांची जिले के पाणिनी ग्रामीण नगरपालिका में पाणिनी तपोभूमि सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान कहा कि सरकार इस क्षेत्र को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठाएगी। मान्यता है 400 ईसा पूर्व के आसपास आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए पाणिनि ने पाणिनि गांव में सिद्धेश्वर तालाब के पास 28 दिनों तक ध्यान किया था।

---

## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने दी मंजूरी

# फ्रांस से 26 राफेल मरीन विमान खरीदे जाएंगे 63000 करोड़ के सौदे पर जल्द होंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली

*इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन (एम) लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़े हुए एक बेहद महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इनकी खरीद पर कुल करीब 64 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और विमानों की तैनाती देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' पर की जाएगी। जिसे पीएम ने सितंबर-2022 में नौसेना और देश को समर्पित किया था। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, जल्द ही भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच 26 राफेल (एम) विमानों की खरीद के लिए एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। विमानों का उत्पादन रक्षा क्षेत्र की विश्व विख्यात और वास्तविक उपकरण निर्माता फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन द्वारा किया जाएगा। राफेल-एम विमानों से जुड़ा यह समझौता वित्त वर्ष 2025-26 का सबसे बड़ा शुरुआती रक्षा सौदा है। उधर, रक्षा क्षेत्र के जानकारों की राय में राफेल-एम की नौसेना में तैनाती से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बल की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा होगा। खासतौर पर चीन की बढ़ती आक्रामकता पर आसानी से नकेल कसी जा सकेगी।

**स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर होगी तैनाती**

**जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने दी थी मंजूरी**



### तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों पर हुई चर्चा

*सूत्रों ने बताया कि सीसीएस की बैठक में नौसेना के लिए ही की जाने वाली तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों की अतिरिक्त खरीद से जुड़े हुए एक अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। जिसे जल्द ही सुरक्षा मामलों की देश की शीर्ष समिति की मंजूरी मिल सकती है। रक्षा मंत्रालय ने लगभग दो साल पहले इनकी खरीद के लिए स्वीकृति दे दी थी। नौसेना के जंगी बेड़े में वर्तमान में प्रोजेक्ट-75 के तहत फ्रांस के नेवल समूह के सहयोग से मुंबई स्थित मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में बनाई गई 6 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां तैनात की जा चुकी हैं। इनमें कलवरी, खंडेरी, करंज, वेला, वागीर और वागशीर मुख्य हैं।*

### वायुसेना में राफेल की दो स्क्वाड्रन

*गौरतलब है कि नौसेना से पहले फ्रांसीसी कंपनी ने वायुसेना को कुल 59 हजार करोड़ रुपए में 26 राफेल लड़ाकू विमानों यानी उसकी दो स्क्वाड्रन की आपूर्ति की है। इनमें से एक स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा के करीब अंबाला में और दूसरी चीन सीमा के निकट हाशिमारा एयरबेस पर तैनात की गई हैं। वायुसेना में फिलहाल यह चर्चा है कि राफेल की दो और स्क्वाड्रन फ्रांस से खरीदी जानी चाहिए। जिससे उसके कराह रहे जंगी बेड़े को कुछ राहत मिल सके। वायुसेना की युद्धक विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल करीब 16 से 18 विमान होते हैं।*

**26 में से 4 विमान ट्रेनर होंगे**

सूत्रों ने बताया कि 26 राफेल-एम में से 22 सिंगल सीटर 4 ट्विन सीटर ट्रेनर विमान होंगे। मूलरूप से यह ट्विन इंजन डेक बेस लड़ाकू विमान है। जिसे फ्रांस ने विशेष रूप से समुद्री अभियानों के लिए तैयार किया है। जुलाई-2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) बैठक में इन विमानों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को शुरुआती मंजूरी प्रदान की गई थी। इसमें फ्रांसीसी कंपनी के साथ की गई लंबी वार्ता और विमान के भारतीय वातावरण में किए गए व्यापक परीक्षण शामिल हैं। जिन्हें गोवा में टेस्ट सुविधा में पूरा किया गया।

### भारत-फ्रांस के मजबूत होते संबंध

*बीते कुछ सालों से भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और सामरिक संबंधों में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसमें 2023 काफी अहम साल रहा। जब दोनों देशों ने रक्षा सहयोग परियोजनाओं से संबंधित लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों के इंजन के संयुक्त विकास पर आगे बढ़ने का रास्ता अपनाया। दोनों रणनीतिक भागीदार देशों ने उन्नत रक्षा तकनीकों के मामले में सह-उत्पादन और सह-विकास को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। इसमें तीसरी दुनिया के देशों को लाभ पहुंचाना शामिल है।*

### 2029 से शुरू होगी विमानों की डिलीवरी

राफेल-एम से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भारत को विमानों की डिलीवरी पांच साल के अंदर यानी वर्ष 2029 से शुरू हो जाएगी। जिसके 2031 तक पूरा होने की संभावना है। भारत के पास दो विमानवाहक युद्धपोत हैं। पहला रूस में निर्मित आईएनएस विक्रमादित्य और दूसरा स्वदेशी विक्रांत है। यह दोनों अभी तक नौसेना के पुराने लड़ाकू विमान मिग-29के का ही इस्तेमाल कर रहे हैं।

---

**भारत-यूएई रिश्तों में नई मजबूती**

## आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएफटी के कैंपस दुबई में खुलेंगे



एजेंसी नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इनमें समग्र द्विपक्षीय संबंधों को प्रगति देने के प्रयासों के तहत दुबई में भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का एक परिसर खोलने का निर्णय शामिल है। अल मकतूम द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकों के कुछ घंटों बाद इन निर्णयों की घोषणा की गई।

### दुबई में बनेगा भारत मार्ट कांप्लेक्स

*क्राउस प्रिंस ने दोपहर में भोज के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा के दौरान अनेक घोषणाएं की गई हैं। दुबई में भारत मार्ट कांप्लेक्स बनेगा। दुबई में यूएई-भारत फ्रेंडशिप अस्पताल के लिए जमीन आवंटन, कोच्चि एवं वडीनार में पोत मरम्मत केंद्रों की स्थापना, दुबई चेम्बर आफ कामर्स का भारत में आफिस खोलना शामिल है।*

### एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए

आईआईएम अहमदाबाद ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यह बताते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है कि हम दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी में आईआईएमएम दुबई ब्रांच कैंपस के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग के महानिदेशक हेलाल सईद आलमारी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

---

**स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

## राष्ट्रपति महल में हुआ स्वागत, दो अहम समझौतों पर किए एमओयू

एजेंसी ब्रैटिस्लावा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया।

### व्यापार, रक्षा, शिक्षा पर सहयोग करने पर हुई चर्चा



*इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग के कई क्षेत्रों जैसे व्यापार, रक्षा, शिक्षा और विज्ञान-तकनीक पर चर्चा की। उन्होंने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी हुई। इस दौरान दो अहम समझौतों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी किया गया।*

### भारत-स्लोवाक के संबंध मजबूत

राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की दोस्ताना सोच और भारत-स्लोवाक संबंधों को मजबूत करने की उनकी कोशिशों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र और वैश्विक सहयोग जैसे मूल्यों को साझा करते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

---

**जम्मू में उधपमुर और किश्तवाड़ में एनकाउंटर**

## तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी

एजेंसी श्रीनगर

जम्मू के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन



आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था।

---

**चीन से नजदीकी पड़ी महंगी**

## निर्यात में देरी बता, भारत ने बंद की बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा

नई दिल्ली

चीन में बैठकर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को जमीनी भूभाग से घिरा हुआ क्षेत्र बताकर चीन को व्यापारिक साझेदारी में बढ़ोतरी करने की अपील वाली गतिविधियों का बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को भारत ने करारा जवाब दिया है। जिसमें उसने (भारत) बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के इस्तेमाल) को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बाबत बीते 8 अप्रैल 2025 को एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी इस निर्णय का ऐलान किया था। इस मामले पर बुधवार को विदेश मंत्रालय में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक प्रकार की सुविधा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2020 में की गई थी। लेकिन इसे लेकर बीते कुछ समय से आ रही परेशानियों जैसे आयात-निर्यात के मामलों में लॉजिस्टिक संबंधी देरी की वजह से लागत बढ़ रही थी। हमारे निर्यात में देरी खड़ी हो रही है, बैकलॉग खड़ा हो रहा था। इसलिए इसे खत्म करने का निर्णय लिया गया है।



### प्रभावित नहीं होगा नेपाल भूटान का निर्यात

जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश के भारतीय भूभाग से नेपाल और भूटान को किए जाने वाले निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले पर हमारे पास कहने के लिए अभी कुछ नहीं है।

---

**दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच ट्रंप की एक और नई चेतावनी**

# जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की करेंगे घोषणा

एजेंसी वॉशिंगटन

दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। मंगलवार रात को ट्रंप ने कहा कि हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी, क्योंकि उन्हें अपने ज्यादा उत्पादन अमेरिका में बेचने हैं। टैरिफ के बाद सभी फार्मा कंपनियां पूरे देश के अगले हिस्सों में प्लांट खोलेंगी।

**ट्रेड वार का सर्वाधिक असर कमजोर देशों पर: गुटेरेस**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ट्रेड वार बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा कि वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें। यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का।

### रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा में फार्मास्यूटिकल्स पर छूट थी




जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की तो उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, कॉपर, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, बुलियन, एनर्जी और कुछ मिनरल को टैरिफ से छूट दी, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मास्यूटिकल्स को राहत इसलिए मिली क्योंकि आयातित दवाएं, विशेष रूप से भारत से आने वाली जेनेरिक दवाएं, अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की लागत को कम रखने में मदद करती हैं, जो दुनिया में सबसे महंगे हेल्थ सिस्टम्स में से एक है। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। दरअसल भारत अमेरिका से आयात होने वाले फार्मा पर करीब 10 प्रतिशत का टैरिफ चार्ज वसूलता है जबकि अमेरिका देश भारत से आने वाले फार्मा आयात पर किसी भी प्रकार का टैरिफ नहीं वसूलता है।

### टैरिफ से निर्यात पर पड़ेगा असर आरबीआई गवर्नर का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बताया कि दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के कारण विभिन्न क्षेत्रों का आर्थिक परिदृश्य धुंधला पड़ गया है। इससे दुनिया में विकास दर और महंगाई से जुड़ी नई चुनौतियां पैदा होने का जोखिम बढ़ गया है। इससे देश के निर्यात पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव दिख सकता है। वहीं सेवाओं के निर्यात में लचीलापन रहने की उम्मीद है। दुनियाभर के बाजार में गिरावट का जोखिम बढ़ाती रहेंगी। वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

---

**अगले माह रूस जा सकते हैं पीएम मोदी**

## पुतिन ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए भेजा आमंत्रण पत्र

एजेंसी मॉस्को

रूस ने पीएम नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को पीएम मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है। रुदेंको ने कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। जनवरी 1945



में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया था। नौ मई को 'कमांडर-इन-चीफ' ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण से जुड़े अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही युद्ध समाप्त हो गया था। पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो लगभग पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी।

# पारंपरिक धोती-कुर्ता धारण कर नंगे पांव पहुंचे मोदी, 108 देश के लोगों ने किया जाप

## 'नवकार महामंत्र दिवस': यह आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित 'नवकार महामंत्र' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिना जूते के पहुंचे। उन्होंने मंच पर नहीं बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद भवन पर दिखाई देता है।

### तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद पर दिखाई दे रहा



### नवकार महामंत्र को प्रधानमंत्री ने बताया जीवन का आधार

### अनेकांतवाद धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला सिद्धांत

*अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में जीवन की पारस्परिक निर्भरता का खासा महत्व है और इसलिए इसमें मामूली हिंसा पर भी रोक है।*

### शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा माध्यम

*पीएम मोदी ने कहा कि यह शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा सबक है। मोदी ने कहा कि जैन साहित्य भारत की आध्यात्मिक भव्यता की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इसे संरक्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसमें इसके प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण और पाली व प्राकृत को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की हालिया योजना भी शामिल है।*



### 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया

मोदी ने लोगों से जल संरक्षण, अपनी मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों के लिए मुखर होना, देश में यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, मोटे अनाजों का अधिक सेवन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कटौती करना, गरीबों की मदद करना और खेल तथा योग को दिनचर्या में सम्मिलित करने समेत 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से देश भर में एकता का संदेश ले जाने और 'भारत माता की जय' कहने वाले किसी भी व्यक्ति को गले लगाने को कहा।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में कूड़े से हवा हुई और ज्यादा जहरीली



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कूड़े में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है, जो दिल्ली की हवा को प्रदूषित बना रही है। दमकल के आंकड़ों के अनुसार बीते माह सर्वाधिक 720 कूड़े में आग लगने की कॉल्स मिली थीं, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में 380 कॉल्स मिली थीं। कूड़े में आग लगने से इससे निकलने वाले धुएं से हवा प्रदूषित होती है।

### संजीव बने जेके-लद्दाख हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे



**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव कुमार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। नियुक्ति 10 अप्रैल से प्रभावी होगी। मुख्य न्यायाधीश ताशी रबस्तान 9 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं। जब तक नए सीजे की नियुक्ति नहीं होती, तब तक वे जिम्मेदारी निभाएंगे।

### विधानसभा में भिड़े आप और पीडीपी विधायक



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र मंगलवार को उस वक्त अशांत हो गया जब आपके विधायक मेहराज मलिक और पीडीपी विधायक वहीद पारा के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। बहस ने ऐसा रूप लिया कि बात धक्कामुक्की और तीखी जुबानी जंग तक जा पहुंची। अन्य विधायकों को बीच में आना पड़ा।

### ट्रक से कुचलकर 3 बच्चों समेत 4 की मौत



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नैनी थाना इलाके में नए यमुना पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस के पास बुधवार तड़के 3:00 के आसपास यहां पर गिट्टी लादकर चालक ट्रक लेकर पहुंचा था।

## रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी ने दी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी

# जीरकपुर बाइपास और पीएमकेएसवाई को दी मंजूरी, आंध्र-तमिलनाडु को भी मिली सौगात

### यातायात को डायवर्ट कर और हिमाचल को सीधा संपर्क देकर भीड़ कम करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाइपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है।

जीरकपुर बाइपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाइपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है।



### रेल लाइन परियोजना भी स्वीकृत

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी लागत 1332 करोड़ होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### एम-सीएडीडब्ल्यूएम आधुनिक होगा

कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। इसका आरंभिक परिव्यय 1600 करोड़ होगा।

### दो रेल इंफ्रा प्रोजेक्ट से कई राज्यों को मिलेगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 104 किलोमीटर लंबे तिरुपति-पकाला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी, जिसकी लागत 1,332 करोड़ है, जो तिरुपति बालाजी और श्री कालहस्ती शिव मंदिर को जोड़ता है। यह परियोजना पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में शुरू की जा रही 23 प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचे की पहल का हिस्सा है, जिसमें 86,507 करोड़ के कुल निवेश से 2,869 किलोमीटर रेलवे लाइनें शामिल हैं।

### आंध्र प्रदेश से वेल्लोर तक कई स्टेशन पुल और रोड ओवर ब्रिज बनेंगे

*आंध्र प्रदेश (चित्तूर, तिरुपति) से तमिलनाडु (वेल्लोर) तक जाने वाली रेलवे लाइन में 15 स्टेशन, 17 बड़े पुल, 327 छोटे पुल, 7 रोड ओवर ब्रिज , 30 रोड अंडर ब्रिज शामिल हैं। इस परियोजना में 113 किलोमीटर लंबी पटरी भी होगी और अधिक माल तथा मेल/एक्सप्रेस/यात्री ट्रेनों को चलाने की अतिरिक्त क्षमता भी होगी।परियोजना श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल संपर्क प्रदान करेगी, साथ ही तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर को भी जोड़ेगी। इससे से लगभग 400 गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और लगभग 14 लाख लोगों को लाभ मिलेगा।*

### 1,600 करोड़ मंजूर किए

### कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट से अनेक किसान होंगे लाभान्वित

केंद्र ने किसानों के लिए एक बड़ी योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ( पीएमकेएसवाई ) के तहत एक नई उप-योजना 'कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट को 025-26 के लिए लागू किया जाएगा। इसके लिए 1600 करोड़ का बजट तय किया गया है। इसका उद्देश्य देश में सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक बनाना और जल प्रबंधन को बेहतर करना है। इसके तहत खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पुराने नहरों या अन्य जल स्रोतों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा ताकि किसानों, को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें।

### कृषि प्रणाली और टिकाऊ होगी

इस योजना में पानी के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता में वृद्धि होगी। एक हेक्टेयर तक के खेतों में भूमिगत दबावयुक्त पाइपलाइन प्रणाली स्थापित की जाएगी, जिससे सूक्ष्म सिंचाई को प्रोत्साहन मिलेगा और फसल उत्पादन भी बढ़ेगा। सिंचाई प्रणाली के प्रबंधन की जिम्मेदारी वॉटर यूजर सोसाइटियों को दी जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित करना भी है। इससे खेती को एक बेहतर, तकनीकी और लाभदायक व्यवसाय के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह योजना किसानों की आय बढ़ाने में उपयोगी साबित होगी।

## महुआ ने भाजपा पर लगाया आरोप

# क्या हम सिर्फ ढोकला खाएं और 3 बार जय श्रीराम बोलें?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिल्ली के चितरंजन पार्क में जबरन मछली की दुकानें बंद कराई जा रही हैं। उन्होंने इसका आरोप भाजपा के लोगों पर लगाया है। एक वीडियो में वे भाजपा पर भड़कती हुई दिख रही हैं। उन्हें सुना जा सकता है कि दिनदहाड़े भाजपा के गुंडे दुकानदारों को धमका रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि वे यहां मछली की दुकानें नहीं चला सकते। मोइत्रा ने कहा कि क्या भाजपा हमें बताएगी कि हमें ढोकला खाना है और दिन में 3 बार 'जय श्री राम' बोलना है? भाजपा मुस्लिम विरोधी, हिंदू विरोधी और संविधान विरोधी है। मंदिर पर अब भाजपा के गुंडे दावा कर रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस कराएगी मामले की जांच

दिल्ली पुलिस ने सांसद महुआ मोइत्रा के इस दावे की जांच करने का फैसला किया है कि दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ लोगों ने दक्षिण दिल्ली के चितरंजन पार्क इलाके में मछली की दुकानों को जबरन बंद कराने की कोशिश की थी या नहीं। फिलहाल इस संबंध में उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े तथ्यों की पुष्टि कर रही है। यह बाजार दिल्ली नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार लाइसेंस प्राप्त है। वीडियो पुराना प्रतीत होता है, लेकिन हम घटना की तारीख की पुष्टि कर रहे हैं।

### राजनीतिक फायदे के लिए वे बोल रहीं: सचदेवा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हर किसी को प्रार्थना स्थल की मर्यादा का सम्मान करना चाहिए और सीआर पार्क के मछली व्यापारी हमेशा से ऐसा करते आए हैं। मछली बाजार क्षेत्र की आवश्यकता हैं। व्यापारी इलाके में उच्च स्वच्छता मानक बनाए रखते हैं और नियमित रूप से सीआर पार्क की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। मोइत्रा द्वारा साझा किया गया वीडियो राजनीतिक फायदे के लिए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य सीआर पार्क के सामुदायिक सौहार्द को बिगाड़ना है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भारत का किया नेतृत्व

# भारत में कृषि सहयोग के लिए 'बिम्सटेक' उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का रखा प्रस्ताव

▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक ने कृषि विकास के क्षेत्र में अधिक क्षेत्रीय सहयोग का अवसर प्रदान किया है।

बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए भारत ने 'भारत में कृषि सहयोग के लिए



बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह केंद्र सटीक कृषि, जलवायु जोखिम को कम करने, प्राकृतिक खेती, लैंगिक समानता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, पोषण, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन, डिजिटल प्रौद्योगिकियों सहित उभरती प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान और कौशल साझा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा।

### बिम्सटेक को एक बड़ा विकल्प बताया

चौहान ने कहा कि भारत के लिए 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' की प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बिम्सटेक एक स्वाभाविक विकल्प है। बिम्सटेक में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने की क्षमता है। हमारा साझा इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जो स्वाभाविक साझेदार बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत किसानों को नकदी का सीधा हस्तांतरण, संस्थागत ऋण तक पहुंच में सुधार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,खाद्य सुरक्षा मिशन, फसल बीमा, महिलाओं को ड्रोन प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

### आज लखनऊ पहुंची 'कन्नप्पा' की टीम योगी ने दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ।** विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म 'कन्नप्पा' लगातार चर्चाओं में है। मेकर्स फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म की कास्ट ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अभिनेता विष्णु मांचू और कोरियोग्राफर प्रभुदेवा मौजूद रहे। इनके साथ मोहन बाबू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मोहन बाबू और विनय माहेश्वरी भी थे। योगी ने 'कन्नप्पा' के पोस्टर पर हस्ताक्षर किए और फिल्म की सफलता के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। लोगों को इस फिल्म का इंतजार है।

## अनुबंध बाध्यकारी समझौता है, चाहे ताकत कुछ भी हो

सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष से अनुबंध से नहीं छीन सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी नियोक्ता कर्मचारी के नियुक्ति पत्र में यह प्रावधान शामिल कर सकते हैं कि रोजगार संबंधी किसी भी विवाद का समाधान किस विशेष अदालत या क्षेत्राधिकार में किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि अनुबंध एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है, चाहे इसमें शामिल पक्ष या उनकी ताकत कुछ भी हो। कानूनी तरीके से विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष की ओर से अनुबंध के माध्यम से नहीं छीना जा सकता है।

### दावा करना सीमित नहीं



न्यायालय ने कहा कि विवाद में यह धारा कर्मचारी से कानूनी दावा करने के अधिकार को नहीं छीनती, बल्कि उन्हें केवल मुंबई की अदालतों में ही दावा करने तक सीमित कर देती है। सर्वोच्च न्यायालय पटना में नियुक्त एचडीएफसी बैंक और दिल्ली में नियुक्त लॉर्ड कृष्णा बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रहा था।

### समाधान सक्षम न्यायालय में होना चाहिए

दोनों मामलों में बैंकों ने अपने नियुक्ति पत्रों में उल्लेख किया था कि पक्षों के बीच कोई भी विवाद जिसके कारण कानूनी कार्रवाई की नौबत आती है, उसका समाधान मुंबई स्थित सक्षम न्यायालय में किया जाना चाहिए। उन्होंने पटना और दिल्ली की संबंधित अदालतों में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी।

## अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र में खरगे ने केंद्र पर लगाया आरोप, वहीं अन्य ने कांग्रेस की खामियां भी उजागर की

# महाराष्ट्र चुनाव धोखाधड़ी से जीते गए, लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास हो रहा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धोखाधड़ी से जीत दर्ज की। ऐसा फर्जीवाड़ा जो पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की जोरदार वकालत की। खरगे ने मोदी सरकार पर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए सरकारी संपत्ति बेचने का भी आरोप लगाया। पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है, लेकिन हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब धोखाधड़ी है। वे हमसे इसे साबित करने के लिए कहते हैं। आपने ऐसी तकनीकें तैयार की हैं, जिनसे सत्ताधारी पार्टी को फायदा होता है और विपक्ष को नुकसान होता है।



### सरकार कुछ छिपाना चाह रही

*उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के मुद्दों पर बहस करने के बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे के लिए देर रात तक संसद में बहस की। उनका इशारा वक्फ कानून के लिए लाए गए विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही की ओर था। मणिपुर पर बहस सुबह 4 बजे हुई और उन्होंने निवेदन किया कि इसे अगले दिन आयोजित किया जाए, लेकिन सरकार सहमत नहीं हुई। खरगे ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि सरकार कुछ छिपाना चाहती है।*

### संविधान पर हमला कर रही सरकार

खरगे ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सत्तारूढ़ पार्टी संविधान पर हमला कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं और सिद्धांतों पर हमला किया जा रहा है। हमें उनकी रक्षा के लिए लड़ना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद के बजट सत्र को अपनी मर्जी से चलाया। अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता का नाम लिया, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया।

### भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटें जीतीं, ऐसा कभी नहीं हुआ

खरगे ने कहा कि भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटें जीतीं और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। खरगे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनाव में जो धोखाधड़ी हुई, वैसी कभी नहीं हुई, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को नष्ट करना था। उन्होंने कहा कि हम इसके बारे में पता लगाएंगे। चोर हमेशा पकड़ा जाता है। हमारे वकील और नेता इसके लिए काम कर रहे हैं। हम यही कोशिश कर रहे हैं।

### आरक्षण खत्म करने की साजिश हो रही

खरगे ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है। विपक्ष को अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के मुद्दे को संसद में उठाने की अनुमति नहीं दी गई। संसाधनों को कुछ पूंजीपतियों को सौंपकर एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। निजीकरण के जरिए आरक्षण खत्म किया जा रहा है।

### कानपुर के कांग्रेस नेता ने

### संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए



अधिवेशन का बुधवार को आखिरी दिन था। इस दौरान सदस्यों ने खुले मंच से संगठन की खामियों पर बात की और अपना पक्ष भी रखा। कानपुर से आने वाले नेता आलोक मिश्रा ने संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलोक ने दावा किया कि पार्टी ने एक ऐसा शहर अध्यक्ष बनाया है, जिसके बेटे भाजपा और सपा में हैं। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता आज कांग्रेस की दुहाई देता है और आपसे आह्वान करने आया है कि हम लोग भाजपा से बाद में लड़ते हैं, पहले कांग्रेसी आपस में ही लड़ते हैं।

### थरूर ने दी 20 पर्सेंट की सलाह

### हमें निगेटिव नहीं रहना उन्हें जोड़ना चाहिए



अधिवेशन में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कांग्रेस पार्टी को सलाह दी कि उसे उन लोगों को वापस जोड़ने पर काम करना होगा, जो बीते 3 लोकसभा चुनावों में पार्टी से दूर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे मतदाताओं को साथ लाना होगा, जिनके चलते वह सत्ता में आती थी। थरूर ने कहा कि यदि इन लोगों को वापस लाया गया तो फिर पार्टी उस 19-20 पर्सेंट वाले आंकड़े से ऊपर उठेगी, जिसमें अब तक वह उलझी हुई है। हालांकि थरूर पर पिछले काफी समय से भाजपा से नजदीकी बढ़ाने के आरोप भी लगते रहे हैं।

मुख्यमंत्री का दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरा

## मुख्यमंत्री ने सरसों की एमएसपी पर खरीद का किया शुभारंभ, अन्नदाता किसान का सम्मान और आर्थिक सुरक्षा हमारा ध्येय : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### सरसों की 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल व चना की 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी पर होगी खरीद



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को श्रीगंगानगर स्थित नई धान मंडी में किसानों को विक्रय स्लिप प्रदान करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों खरीद का विधिवत शुभारंभ किया।
मुख्यमंत्री शर्मा ने इस अवसर पर किसानों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान को पूरा सम्मान और सुरक्षा के साथ ही उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाना हमारा ध्येय है। हमारी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान समय पर सुनिश्चित कर रही है। इसी दिशा में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने वर्ष 2025-26 में सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है तथा इस साल 13 लाख 22 हजार मीट्रिक टन सरसों की खरीद का लक्ष्य रखा है। इसी तरह सरकार 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी के आधार पर 5 लाख 46 हजार मीट्रिक टन चना की खरीद करेगी।

### हमारी सरकार ने एमएसपी खरीद की सीमा को बढ़ाया


शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में सरसों का एमएसपी 5 हजार 50 रुपये था, जिसमें हमारी सरकार ने 900 रूपये तक की बढ़ोत्तरी की है। साथ ही एमएसपी पर खरीद के लिए प्रति किसान 25 क्विंटल की सीमा को बढ़ाकर 40 क्विंटल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने सवा साल के समय में अब तक 4 लाख 85 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की है जबकि पिछली सरकार ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में केवल 5 लाख 53 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की थी। साथ ही हमारी सरकार ने मूंगफली के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 5 हजार 850 रुपये से बढ़ाकर 6 हजार 783 रुपये प्रति क्विंटल किया है।

### किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करते हुए उनकी समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य के बोनस को बढ़ाकर 150 रुपये एवं किसान सम्मान निधि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया है। साथ ही, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने से लेकर वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

एसएमएस स्टेडियम में आईपीएल मैच से पहले रिनोवेशन अधूरा

## खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम भी तैयार नहीं; खेल विभाग सचिव बोले-खामी मिली तो दर्शकों की एंट्री नहीं



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 13 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का मैच होना है, लेकिन रिनोवेशन का काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में खेल विभाग के सचिव नीरज के पवन का कहना है कि अगर रिनोवेशन का काम समय पर पूरा नहीं हुआ तो शेन वॉर्न गैलरी में किसी भी दर्शक को बैठने नहीं दिया जाएगा।
दरअसल, 6 अप्रैल को डेडलाइन पूरी होने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स अब तक स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा नहीं करवा पाया है। मैच से महज 4 दिन पहले तक साउथ पवेलियन और खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है। इसको लेकर खेल विभाग एक्शन मोड में है।
शेन वॉर्न गैलरी की सीटिंग कैपेसिटी 700 है। यह वीआईपी लाउंज है। फिलहाल इसकी टिकट रेट 20 हजार रुपए है। टिकट रेट मैच के अनुसार तय होगी। डिमांड ज्यादा रही तो टिकट महंगा मिलेगा।

### दर्शकों की एंट्री बंद हो सकती है

नीरज के पवन ने कहा- राजस्थान रॉयल्स की ओर से स्टेडियम में रिनोवेशन की जो डेडलाइन दी गई थी, वह अब निकल चुकी है। लेकिन, उम्मीद है कि 12 अप्रैल तक स्टेडियम का पूरा हिस्सा आईपीएल के मुकाबले के लिए तैयार हो जाएगा। अगर 12 तारीख तक स्टेडियम तैयार नहीं हुआ और निर्माण में किसी तरह की खामी पाई गई तो स्टेडियम के साउथ पवेलियन में शेन वॉर्न गैलरी का हिस्सा आम लोगों के लिए नहीं खोला जाएगा।
नीरज के पवन ने कहा- अगर किसी व्यक्ति ने उस एरिया के टिकट को खरीद भी लिया है तो भी वह वहां बैठकर मैच नहीं देख सकेगा। हम आम लोगों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह की अनदेखी नहीं करेंगे। हम भी पीडब्ल्यूडी से इस निर्माण कार्य की जांच करवाएंगे। उसके बाद ही कोई अंतिम फैसला किया जाएगा।

### साउथ पवेलियन में चल रहा रिनोवेशन

राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन की ओर से स्टेडियम के साउथ पवेलियन को तोड़कर फिर से बनाया जा रहा है। इस क्षेत्र में खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम को रिनोवेट कर और बड़ा बनाया जा रहा है। वहीं शेन वॉर्न गैलरी को ओपन कर सिटिंग कैपेसिटी को भी बढ़ाया जा रहा है। यह निर्माण कार्य 2 महीने से चल रहा है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में आईपीएल मैच के दौरान खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम और स्टेडियम का वीवीआईपी स्टैंड कितना सुरक्षित होगा, इसको लेकर फिलहाल असमंजस की स्थिति है।

# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ गत सप्ताह में 314 कार्रवाई कर 152 वाहन मशीनरी किये जब्त, 43 एफआईआर, 26 गिरफ्तारी और एक करोड़ 89 लाख का जुर्माना वसूल

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ प्रदेशभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 2 अप्रेल से 8 अप्रेल के दौरान अवैध खनन, खनिज परिवहन और खनिज भण्डारण के खिलाफ 314 कार्रवाई को अंजाम देते हुए 152 वाहन मशीनरी जब्त की है। इस दौरान समूचे प्रदेश में 24 हजार 461 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है वहीं अलग अलग पुलिस थानों में 43 एफआईआर दर्ज कराई गई है और 26 गिरफ्तारी हुई है।
खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 2 अप्रेल को खान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देशों में कार्रवाई जारी हैं। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस पीआर आमेटा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि समूचे प्रदेश से अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 4 करोड़ 30 लाख रुपए के जुर्माने के साथ ही 1 करोड़ 89 लाख 44 हजार रुपये वसूल कर राजकोष में जमा कराये गये हैं।
गत 7 दिवस में की गई कार्रवाई में खनि अभियंता ब्यावर जगदीश मेहरावत ने प्रदेश में सर्वाधिक 7513 टन अवैध भण्डारित खनिज को जब्त किया है। कुल 9 कार्रवाई में 92 लाख 16 हजार का जुर्माना लगाया है। एमई उदयपुर आसिफ अंसारी ने प्रदेश में सर्वाधिक 30 कार्रवाइयां की है। एमई चित्तोड सिद्धिकी ने सर्वाधिक 33 लाख 82 हजार की जुर्माना वसूला है। एमई बूंदी द्वितीय सहदेव सहारण ने 4893 टन खनिज जब्त किया है, एएमई बारां भंवर लाल लबाना ने 2316 टन अवैध भंडारित खनिज जब्त व 13 लाख 49 हजार की जुर्माना राशि वसूली है।
अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय व उदयपुर महेश माथुर के मार्गदर्शन में उदयपुर में सर्वाधिक कार्रवाई की गई है। एसएमई उदयपुर एसपी शर्मा की टीम ने कार्यक्षेत्र में 66 कार्रवाई, 1729.99 टन खनिज जब्ती, 10 एफआईआर, 8 गिरफ्तारी और 18 वाहन जब्त किये हैं। उदयपुर के बाद सर्वाधिक कार्रवाई अतिरिक्त निदेशक योगेन्द्र सिंह सहवाल व एसएमई देवेन्द्र गौड की टीम ने अपने कार्यक्षेत्र में 49 कार्रवाई करते हुए 2702.5 टन खनिज जब्ती, 36.664 लाख जुर्माना, 34.96 लाख का जुर्माना वसूली, 10 एफआईआर, 5 गिरफ्तारी और 52 वाहन मशीनरी जब्त किये हैं। एसएमई भीलवाड़ा ओपी काबरा की टीम में एमई भीलवाड़ा महेश शर्मा, बिजोलिया प्रवीण अग्रवाल, चित्तोड सिद्धीकी और निम्बाहेडा में 39 कार्रवाई में 938 टन खनिज जब्ती, 30.528 लाख का जुर्माना, 34.348 लाख का जुर्माना वसूली, 5 एफआईआर और 11 वाहन मशीनरी जब्त की है। एसएमई कोटा अविनाश कुलदीप की टीम ने क्षेत्र में 30 कार्रवाई कर 7343 टन खनिज जब्ती, 107 लाख से अधिक का जुर्माना, 21 लाख से अधिक का जुर्माना वसूली की गई है। अतिरिक्त निदेशक जयपुर एमपी मीणा के मार्गदर्शन में एसएमई जयपुर और अजमेर द्वारा कार्रवाई की गई है। एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत की टीम ने अपने कार्यक्षेत्र में 24 कार्रवाई कर 519 टन खनिज जब्ती, 15.43 लाख का जुर्माना और 13.499 लाख की वसूली की है। एसएमई अजमेर जय गुरुबख्सानी की टीम ने क्षेत्र में 25 कार्रवाई करते हुए 8160 टन खनिज जब्ती, 99 लाख से अधिक का जुर्माना, सात लाख से अधिक की वसूली और 20 वाहन जब्त किये हैं। एसएमई बीकानेर एनके बैरवा, की टीम ने क्षेत्र में 11 कार्रवाई और एसएमई भरतपुर सुनील शर्मा की टीम ने और एसएमई राजसमंद अनिल खमेसरा की टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई की है। एसएमई विजिलेंस जयपुर प्रताप मीणा की टीम ने 7 कार्रवाई कर 5.75 लाख की वसूली की है। राज्यभर से विजिलेंस टीमों द्वारा भी कार्रवाई जारी है।

### जयपुर और अलवर टीम द्वारा कार्रवाइयां

एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत और विजिलेंस प्रताप मीणा के मार्गदर्शन में खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी की टीम ने सामरेड खुर्द पहाडी में अवैध खनन करते दो जेसीबी, 4 ट्रेक्टर ट्राली, एक ट्रेक्टर ट्राली मय पत्थर जब्त की है। तड़के ही एमई अलवर मनोज शर्मा और एएमई पुष्पेन्द्र सिंह की टीम ने भुजाका नोगंवा में एक जेसीबी, एक डंपर जब्त किया है। इसके साथ ही एक एफआईआर भी दर्ज कराई है।

## 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण पासिंग आउट परेड एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन, वनरक्षक दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से करे पालन - पर्यावरण एवं वन मंत्री

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि वनरक्षकों के लिए वन एवं वन्यजीव की रक्षा करना एक चुनौती का कार्य हैं, जिसे उन्हें पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से करना होगा। संजय शर्मा ने बुधवार को राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित 120 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के 972 वनरक्षकों की गांडिव स्टेडियम, जयपुर में प्रस्तुत सामूहिक पासिंग आउट परेड एवं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही।

### इस वर्ष लगाए जाएंगे 10 करोड़ पौधे

संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पौधारोपण को एक जन अभियान बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। इस अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'मिशन हरियालो' के तहत गत वर्ष प्रदेश भर में 7 करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही 1750 वनरक्षकों के पदों का सृजन भी किया गया है। संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में हुए उत्कृष्ट कार्यो का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में विशेष उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देश में वन विभाग पौधों के वितरण के लिए सजगता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पौधारोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए मॉनिटरिंग की भी अनूठी व्यवस्था की गई है।
वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी प्रशिक्षणार्थियों के कॅरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव साबित होगा।
उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का महान अवसर है। उन्होंने कहा कि वन विभाग निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों की रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें।
उन्होंने कहा कि वनरक्षक के रूप में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण का दायित्व का निर्वहन करने के साथ ही वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामवासियों के हितों की रक्षा का भी कार्य करें। मानव जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है, उसकी सुरक्षा का दायित्व मिलना एक राजकीय कार्य के साथ पुनीत कार्य भी है।
कार्यक्रम में हॉफ अरिजीत बनर्जी ने कहा कि वन विभाग पब्लिक डीलिंग वाला विभाग वाला विभाग है, ऐसे में वनरक्षकों की महती जिम्मेदारी बन जाती है कि वे आमजन के हित में विनम्रता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि वनरक्षक राज्य के वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करें और कुशलता पूर्वक कार्य करके विश्व भर में देश एवं राज्य का गौरव बढ़ाये। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशिक्षण, श्रम एवं विधि) वेंकटेश शर्मा ने अतिथियों एवं वनरक्षकों के परिवारजनों का स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि वनरक्षकों को अनुशासन के साथ प्रशिक्षण दिया गया है जिससे वे अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर सकेंगे।
राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान निदेशक श्रीमती शैलजा देवल ने कहा कि आरडब्ल्यूएफटीआई ने इस वर्ष 18 सेटेलाइट प्रशिक्षण केन्द्रो पर 119 वां एवं 120वां वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण संचालित किया। 963 वनरक्षकों को 4 माह का प्रशिक्षण अजमेर, जोधपुर, भरतपुर, अलवर, कोटा, उदयपुर और बीकानेर केंद्रों पर दिया गया है, जो कि वन विभाग के पहली बार हुआ हैं। उन्होंने सभी विभागों और संस्थाओं को इस प्रशिक्षण में सहयोग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण सत्र मे टॉपर रहे वनरक्षकों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। वन रक्षकों द्वारा रोमांचक कमांडो कॉम्बैट कार्यवाही का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान ब्रिगेडियर विक्रम सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) पवन कुमार उपाध्याय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक सुशिखा मेहरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य, आयोजना एवं वन बंदोबस्त) अनुराग भारद्वाज, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक केसीए अरुण प्रसाद, मुख्य वन संरक्षक राजीव चतुर्वेदी सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रशिक्षणार्थियों के परिजन उपस्थित रहे।

आरटीई लॉटरीः तीन लाख बच्चों को मिलेगा मुफ्त दाखिला, पोर्टल पर देखें वरीयता क्रम

# शिक्षामंत्री ने निकाली आरटीई की लॉटरी, तीन लाख बच्चों को मिलेगा निःशुल्क दाखिला

### वेब पोर्टल पर आवेदन की आईडी एवं मोबाइल नंबर से लॉगिन कर देख सकेंगे वरीयता क्रमांक

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा संकुल परिसर सभागार में आयोजित एक सादा समारोह में बुधवार को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए तीन लाख से अधिक बच्चों को गैर-सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। राज्य में कुल 34,799 पात्र गैर-सरकारी विद्यालयों के लिए यह लॉटरी निकाली गयी, जिससे लाखों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। अभिभावक बेव पोर्टल पर आवेदन आईडी व मोबाइल नंबर के माध्यम से अपने बच्चे की वरीयता सूची में स्थिति देख सकते हैं। शिक्षामंत्री ने असहाय वर्ग और अल्पआय वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की सौगात देते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर क्लिक करते हुए लॉटरी का शुभारंभ किया। लॉटरी द्वारा वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार वेबपोर्टल http://www.rajpsp.nic.in/ के होम पेज पर 'अभ्यार्थी प्राथमिकता क्रम' पर क्लिक करके देख सकते हैं। यहां आवेदन की आईडी नंबर व मोबाइल नंबर से लॉगिन करके वरीयता क्रमांक सभी आवेदित विद्यालयों में एक साथ देख सकते हैं।

### तीन साल से अधिक आवेदन

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के तहत समस्त गैर राजकीय विद्यालयों में निःशुल्क सीट्स प्रवेश के लिए वरीयता क्रम हेतु ऑनलाइन लॉटरी में तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों के नाम शामिल किए गए हैं। निःशुल्क सीट पर प्रवेश हेतु राज्य में कुल 34,799 पात्र विद्यालय हैं जिनमें आवेदन प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या 3,08,064 है। इनमें बालकों की संख्या - 1,61,816, बालिकाओं की संख्या -1,46,241 और कुल थर्ड जेन्डर की संख्या - 7 है।
बालक-बालिकाओं की कुल संख्या - 3,08,064
–कुल बालकों की संख्या - 161816
–कुल बालिकाओं की संख्या -146241
–कुल थर्ड जेन्डर की संख्या - 7

### इनका कहना है

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरटीई लॉटरी के माध्यम से चयनित सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग वंचित व अल्पआय वर्ग के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि आरटीई से संबंधित परिवादों (अपीलों) के शीघ्र समाधान हेतु विभाग द्वारा एक नया पोर्टल प्रस्तावित किया गया है, जिसमें अभिभावक एवं विद्यालय अपने परिवाद दर्ज कर सकेंगे। यह पोर्टल प्रणाली में पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल ने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि 9 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2025 तक अभिभावक विद्यालयों में वरीयता के अनुसार रिपोर्टिंग कर सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों का 21 अप्रैल तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना है। इस अवसर पर राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त श्रीमती अनुपमा जोरवाल, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट और अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर सहित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा की उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट -राज्य में विकास के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को नई दिल्ली के उपराष्ट्रपति एनक्लेव में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार मुलाकात की और पुष्प गुच्छ भेंटकर उपराष्ट्रपति का अभिवादन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति के साथ राजस्थान के विकास संबंधी विभिन्न विषयों, प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं तथा आगामी विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने राजस्थान के समग्र विकास हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जिसका अनुसरण करके हम राजस्थान को विकास के पथ पर आगे बढ़ने का भरसक प्रयास करेंगे।

## विश्व नवकार मंत्र दिवस समारोह आयोजित राज्यपाल ने नवकार मंत्र को ध्यान से जुड़ी अध्यात्म की भारतीय महान परंपरा बताया नवकार मंत्र विश्व कल्याण से जुड़ी प्रार्थना- राज्यपाल



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नवकार मंत्र को स्तुति से युक्त सर्व कल्याण प्रार्थना बताते हुए कहा है कि यह ध्यान का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह विश्व कल्याण के साथ बाधाओं के निवारण का आदि मंत्र है। उन्होंने कहा कि विश्व नवकार मंत्र दिवस भारत की अध्यात्म परम्परा में निहित विश्व शांति की सामूहिक भावना का द्योतक है। बागडे बुधवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन मंत्रों की साधना से ही जुड़ा है। मंत्र का अर्थ होता है, पवित्र उच्चारण। इससे धरती पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक भावों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने जैन परंपरा में तीर्थकरों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन का आदर्श मार्ग प्रदान किया। तप, अहिंसा, अपरिग्रह आदि के मार्ग से जीवन को धन्य करने की शिक्षा तीर्थकरों ने दी। नवकार मंत्र इसी परंपरा का बहुत पावन भारतीय संस्कार है। यह मानव कल्याण से जुड़ा है। राज्यपाल ने इससे पहले नमोकार मंत्र का उच्चारण करते हुए कहा कि इस मंत्र को समझकर और भक्तिपूर्वक जपने से आदिनाथ का ध्यान ही नहीं होता बल्कि जीवन की तमाम समस्याओं के समाधान का मार्ग खुल जाता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म नहीं संस्कृति है। उन्होंने ÷सर्वे भवन्तु सुखिन÷ की भारतीय सोच का प्रसार करने का भी आह्वान किया।

कॉन्स्टेबल भर्ती- 2025 की प्रक्रिया शुरू

## 28 अप्रैल से 17 मई तक भरे जा सकते ऑनलाइन फॉर्म, 9617 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिला, यूनिट एवं बटालियन में कॉन्स्टेबल, चालक, बैण्ड एवं पुलिस दूर संचार में ऑपरेटर और चालक के 9617 पदों पर भर्ती के लिए पुलिस विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया चालू कर दी है। भर्ती के लिए आवेदक 28 अप्रैल से 17 मई 2025 तक ऑनलाइन किये जा सकते हैं। एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड विपिन कुमार पाण्डेय ने बताया- जिला यूनिट व बटालियन में कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैण्ड एवं पुलिस दूरसंचार में ऑपरेटर और चालक के 9617 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को दो अलग-अलग विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड की ओर से संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जनसुविधा केन्द्र एवं विभाग की वेब साइट पर 28 अप्रैल से 17 मई, 2025 तक भर सकते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।